Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा,हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रूड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ मथुरा, आगरा,राजस्थान, पंजाब, बहराइच,रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवबन्द में प्रसारित

दैनिक गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

# वेलकम इंडिया

RNI NO. UPHIN/2018/76874

नये भारत की नई सोच

वर्षः 07 अंकः 39 | सोमवार, 09 फरवरी -2026 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रुपया

## राज्यपाल के अभिभाषण पर सपा कर सकती है हंगामा

# विधानमंडल का बजट सत्र आज से शुरू

लखनऊ।

यूपी विधानमंडल का बजट सत्र आज से शुरू हो रहा है। बजट सत्र का पहला दिन ही हंगामे की भेंट चढ़ सकता है। सत्ता और विपक्ष दोनों ने अपनी-अपनी तैयारी कर ली हैं। विधानमंडल का बजट सत्र की शुरूआत सोमवार को राज्यपाल आनंदीबेन पटेल के अभिभाषण से होगी। इस दौरान विपक्ष मतदाता सूची के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (एसआईआर), कोडीन कफ सिरप की तस्करी, विदेश नीति, बेरोजगारी, महिला सुरक्षा समेत कई मुद्दों पर राज्य सरकार को घेरेगा। खासकर समाजवादी पार्टी के सदस्य अभिभाषण के दौरान इन मुद्दों को लेकर हंगामा कर सकते हैं। बजट सत्र को लेकर विधानभवन की सुरक्षा के पुख्ता बंदोबस्त भी किए गए हैं।



बजट सत्र की शुरूआत से पहले रविवार को सर्वदलीय बैठक और कार्यमंत्रणा समिति की बैठक हुई, जिसमें सभी दलों ने सदन को सुचारू रूप से संचालित करने में सहयोग करने का आश्वासन दिया। सोमवार को वर्ष 2026 के पहले सत्र की शुरूआत राष्ट्रगीत 'वंदे मातरम' से होगी। इसके बाद राज्यपाल आनंदीबेन पटेल द्वारा अभिभाषण पढ़कर सुनाया जाएगा।

पूर्व सीएम अखिलेश यादव की मौजूदगी में सपा विधायक मंडल दल की बैठक में सत्र को लेकर रणनीति तैयार की गई। तय हुआ है कि एसआईआर में गड़बड़ियों को सदन के भीतर मुखर ढंग से उठाया जाएगा। बढ़ती मंहगाई, भ्रष्टाचार, बेरोजगारी, महिलाओं की सुरक्षा, खाद संकट, एमएसपी पर बिचौलियों की खरीद आने आदि मुद्दों पर सरकार को घेरेंगे। इसके अलावा कोडीन सिरप का मामला भी प्रमुखता से उठाया जाएगा। विधायक मंडल दल की बैठक के बाद सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने अमेरिका के साथ ट्रेड डील पर कहा कि यह डील नहीं ढील है। इस ट्रेड डील से खेती किसानी पर संकट आएगा। हमारे किसान और एमएसएमई अमेरिका से मुकाबला कैसे करेंगे। यूपी के बजट का इस्तेमाल जनता के लिए नहीं होता है। बजट सत्र के दौरान विपक्ष की घेरेबंदी का मुकाबला करने के लिए रविवार को हुई भाजपा विधानमंडल दल की बैठक में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) का असर रहा। रविवार को लोकभवन में आयोजित भाजपा विधानमंडल दल की बैठक में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंत्रियों और विधायकों को सदन में पूरी तैयारी के साथ नियमित मौजूद रहने के निर्देश दिए।

## यूपी में बड़ा हादसा

# गंगा एक्सप्रेस-वे पर बेकाबू कार ने 7 लोगों को रौंदा, 4 की मौत



**जगतपुर (रायबरेली)।** गंगा एक्सप्रेस-वे पर सुलतानपुर जनौली के पास रविवार की रात पीछे से आ रही तेज रफ्तार अनियंत्रित कार ने पैदल जा रहे सात लोगों को रौंद दिया। हादसे में एक किशोरी समेत चार लोगों की मौत हो गई, जबकि तीन अन्य घायल हो गए। जानकारी होते ही बड़ी संख्या में लोग मौके पर एकत्रित हो गए। अपर पुलिस अधीक्षक भी घटना स्थल पर पहुंचे। काफी संख्या में लोग मौके पर एकत्र हो गए और जगतपुर-डलमऊ रोड पर जाम लग गया। जगतपुर के कोडर निवासी रिया पटेल, प्रिया पटेल, हिमांशी, शालिनी, रश्मि, साधना व महिला आसमा चूली गांव में आयोजित भंडारे में शामिल होने गई थी। वहां से सभी लोग पैदल लौट रही थी। सुलतानपुर जनौली के पास गंगा एक्सप्रेस-वे पर पीछे से आ रही तेज रफ्तार अनियंत्रित कार ने उन्हें रौंद दिया। हादसे में हिमांशी व शालिनी की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि अन्य घायलों को जगतपुर सीएचसी व जिला अस्पताल ले जाया गया। जिला अस्पताल में उपचार के दौरान आसमा व रश्मि ने भी दम तोड़ दिया। शेष तीनों का इलाज चल रहा है।

## भारत और कनाडा नियुक्त करेंगे संपर्क अधिकारी



नई दिल्ली।

भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल और कनाडा के प्रधानमंत्री की राष्ट्रीय सुरक्षा एवं खुफिया सलाहकार नथाली ड्रोइन ने शनिवार को मुलाकात की।

इस बैठक के दौरान सहमति बनी कि प्रत्येक देश सुरक्षा एवं कानून-प्रवर्तन संपर्क अधिकारी नियुक्त करेगा और उनकी संबंधित एजेंसियां कामकाजी संबंधों को और मजबूत करेंगी। संपर्क अधिकारियों की नियुक्ति से द्विपक्षीय संचार को सुव्यवस्थित करने और आपसी चिंता के मुद्दों पर समय पर जानकारी साझा करने में सुविधा होने की उम्मीद है। चिंता के इन मुद्दों में फेंटेनाइल प्रीकर्सर जैसे ड्रग्स का अवैध प्रवाह और अंतरराष्ट्रीय संगठित आपराधिक नेटवर्कों की गतिविधियां शामिल हैं। ये भारत और कनाडा के बीच नियमित द्विपक्षीय सुरक्षा वार्ता का हिस्सा था, जिस दौरान दोनों पक्षों ने अपने नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की पहलों पर हुई प्रगति को देखा और राष्ट्रीय सुरक्षा व कानून प्रवर्तन प्राथमिकताओं पर सहयोग के लिए एक साझा कार्ययोजना पर सहमति व्यक्त की।

## बांग्लादेश से जनसंख्या असंतुलन और समान नागरिक संहिता तकः भागवत

नई दिल्ली।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सर संघचालक मोहन भागवत ने कहा है कि समान नागरिक संहिता (यूसीसी) का विचार देश की एकता के लिए अच्छा है। लेकिन इसे सबकी सहमति से और सभी को विश्वास में लेकर ही बनाया जाना चाहिए। मोहन भागवत आज मुंबई में संघ के शताब्दी समारोह के उपलक्ष्य में आयोजित दो दिवसीय व्याख्यानमाला में बोल रहे थे। रा.स्व.संघ द्वारा अपने शताब्दी वर्ष में देश के चार महानगरों में अपने सर संघचालक मोहन भागवत की दो दिवसीय व्याख्यानमाला का आयोजन किया था। कोलकाता, बेंगलूरू और दिल्ली के बाद अंतिम व्याख्यानमाला मुंबई में शनिवार और रविवार को आयोजित की गई। शनिवार को मुंबई में नेहरू सेंटर में हुए दो सत्रों में मोहन भागवत ने संघ का परिचय एवं संघ की कार्ययोजना पर विस्तार से प्रकाश डाला था। रविवार को आयोजित दो सत्रों में उन्होंने कार्यक्रम में आमंत्रित श्रोताओं के प्रश्नों का उत्तर दिया। इसी क्रम में मोहन भागवत से देश में समान नागरिक संहिता लागू करने के बारे में पूछा गया था। जिसका उत्तर देते हुए उन्होंने कहा कि यह एक अच्छा विचार है। लेकिन इसे सभी को विश्वास में लेकर करना चाहिए। उन्होंने उत्तराखंड सरकार का उदाहरण देते हुए कहा कि वहां की सरकार ने यूसीसी के मसौदे पर राज्य के लोगों की राय ली, और व्यापक जनसमर्थन जुटाकर इसे लागू किया। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि यूसीसी के क्रियान्वयन से समाज में विभाजन पैदा नहीं होना चाहिए। कानून का ढांचा ऐसा होना चाहिए, जो लोगों को जोड़ने का काम करे, ना कि बांटने का।



### भारत माता से नहीं शुरू होता संविधानः ओवैसी

**हैदराबाद।** एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने कहा कि भारतीय संविधान वी द पीपल शब्दों से शुरू होता है, न कि भारत माता के नाम से। उन्होंने संविधान की धर्मनिरपेक्ष और समावेशी भावना पर जोर दिया। अनुच्छेद 25 के तहत धार्मिक स्वतंत्रता का हवाला देते हुए कहा कि देशभक्ति को धर्म से जोड़ना सही नहीं। भारत के संविधान और राष्ट्रवाद की परिभाषा को लेकर एक बार फिर राजनीतिक बहस तेज हो गई है। एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी के एक बयान ने इस मुद्दे को नए सिरे से चर्चा के केंद्र में ला दिया है।

## रूस से फिलहाल जारी रहेगी कच्चे तेल की आपूर्ति, कटौती की कवायद भी शुरू

नई दिल्ली।

सूत्रों के अनुसार, तेल रिफाइनरियों को रूस से तेल खरीद रोकने का कोई औपचारिक निर्देश नहीं मिला है, लेकिन अनौपचारिक रूप से आयात घटाने की सलाह दी गई है। अधिकांश रिफाइनरियां पहले से किए गए खरीद समझौतों और ऑर्डरों को पूरा करेंगी, जिनकी अवधि आमतौर पर 6 से 8 सप्ताह की होती है। इसके बाद नए ऑर्डर नहीं दिए जाएंगे। अमेरिका की तरफ से दंडात्मक टैरिफ हटने के बाद भारत की तरफ से रूस से कच्चे तेल की खरीद धीरे-धीरे कम किए जाने की संभावना है। हालांकि, नायरा एनर्जी जैसी तेल रिफाइनरियों के पास सीमित विकल्प होने के कारण ये आयात फिलहाल पूरी तरह बंद नहीं होंगी। मामले की जानकारी रखने वाले सूत्रों ने बताया कि तेल रिफाइनरियों को रूस से खरीद रोकने का कोई औपचारिक निर्देश नहीं मिला है। हालांकि, अनौपचारिक तौर पर मॉस्को से खरीद घटाने की सलाह दी गई है। सूत्रों के मुताबिक, अधिकांश रिफाइनरी इस घोषणा से पहले की गई खरीद प्रतिबद्धताओं (आमतौर पर 6-8 सप्ताह पहले दिए गए ऑर्डर) का सम्मान करेंगी, लेकिन उसके बाद नए ऑर्डर नहीं दिए जाएंगे।

## फिर लौटेगी कंपकंपाने वाली ठंड, कहीं बर्फबारी तो कहीं बारिश का अलर्ट



नई दिल्ली।

देशभर में एक बार फिर मौसम करवट बदलने की तैयारी में है। फरवरी की शुरूआत में जहां ठंड में हल्की सी राहत मिली थी, वहीं अब एक बार फिर कंपकंपाने वाली हवाओं के चलने की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार, आज यानी 9 फरवरी से कई राज्यों में मौसम बदल सकता है। मौसम विभाग के पूवार्नुमान के मुबातिक , आज पूर्वी यूपी और उत्तराखंड के कुछ हिस्सों में बहुत घना कोहरा छाया रह सकता है। उत्तराखंड के कुछ हिस्सों में शीतलहर भी चलेगी। जम्मू-कश्मीर और लद्दाख में कुछ जगहों पर हल्की बारिश के साथ बर्फबारी देखने को मिल सकती है। राजस्थान के कुछ इलाकों में हल्की बारिश की संभावना है। वहीं, हिमाचल प्रदेश, पंजाब, हरियाणा , चंडीगढ़, दिल्ली, उत्तरी राजस्थान, उत्तरी मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में सर्दी का कहर जारी रहेगा।

### भारी बारिश और बर्फबारी का अलर्ट

वेस्टर्न डिस्टर्बेंस के असर से 9 से 11 फरवरी के दौरान वेस्टर्न हिमालयी इलाके में कहीं–कहीं से लेकर बड़े पैमाने पर बारिश/बर्फबारी होने की संभावना है। अगले 7 दिनों में देश के बाकी हिस्सों में कोई खास मौसमी गतिविधि होने की उम्मीद नहीं है। कटऊ के अनुसार, 11 फरवरी को जम्मू–कश्मीर–लद्दाख–गिलगित–बाल्टिस्तान–मुजफ्फराबाद में कहीं–कहीं से लेकर कहीं–कहीं बारिश/बर्फबारी के साथ बारिश की संभावना है।

## घने कोहरे से चेन्नई हवाईअड्डे पर उड़ानें बाधित, कई विमान डायवर्ट



नई दिल्ली।

चेन्नई हवाईअड्डे पर रविवार को घने कोहरे के कारण दृश्यता कम होने से उड़ान संचालन बाधित रहा। अधिकारियों ने बताया कि चेन्नई आने वाली अंतरराष्ट्रीय उड़ान समेत तीन उड़ानों को निकटवर्ती हवाईअड्डों की तरफ ले जाया गया। कुछ उड़ानों में मामूली देरी भी हुई। अधिकारी ने बताया, चेन्नई के मीनांबक्कम हवाईअड्डे पर मध्यम से घना कोहरा छाया रहा। सुबह 5:30 बजे दृश्यता लगभग 1500 मीटर थी, जो 6:30 बजे तक घटकर 350 मीटर रह गई और कोहरे के कारण 7:30 बजे तक घटकर 150 मीटर हो गई। कुआलालंपुर और हैदराबाद से आने वाली दो उड़ानों को तिरुचिरापल्ली की ओर मोड़ दिया गया, जबकि शहर जाने वाली एक प्राइवेट उड़ान बेंगलुरु लौट गई।

## तीर्थयात्रियों का सुरक्षा कवर दोगुना, अब 10 लाख का होगा बीमा

जम्मू ।

अब वैष्णो देवी के दर्शन के लिए आने वाले हर तीर्थयात्री का बीमा कवर पांच लाख रुपये से बढ़ाकर 10 लाख रुपये कर दिया गया है। श्री माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड ने तीर्थयात्रियों की सुरक्षा और सुविधा को बढ़ाते हुए ऐतिहासिक फैसला लिया है। अब वैष्णो देवी के दर्शन के लिए आने वाले हर तीर्थयात्री का बीमा कवर पांच लाख रुपये से बढ़ाकर 10 लाख रुपये कर दिया गया है। सप्ताहांत पर श्रद्धालुओं की संख्या में इजाफा, साफ मौसम के बीच किए दिव्य दर्शन श्राइन बोर्ड ने रविवार को बैठक कर कटड़ा को वैश्विक मानचित्र पर लाने के लिए प्रयासों को मंजूरी दी। साथ ही पिछली बैठक के बाद उठाए गए कदमों की भी समीक्षा की। तीर्थयात्रियों की सेवा में सुधार के लिए अहम एजेंडा मदों को मंजूरी दी गई। इनमें तीर्थयात्रियों का बीमा कवर दोगुना करने के अलावा कटड़ा के नताली में माता वैष्णो देवी को समर्पित एशियन हेरिटेज फाउंडेशन के परामर्श से अंतरराष्ट्रीय संग्रहालय के निर्माण के लिए प्रारंभिक प्रस्ताव को मंजूरी दी गई है।

प्रस्तावित शक्ति संग्रहालय अपनी तरह का पहला होगा और एक धार्मिक, शैक्षिक और सांस्कृतिक केंद्र के रूप में काम करेगा। इसके अतिरिक्त अत्याधुनिक लाइट एंड साउंड शो परंपरा और नवाचार के मिश्रण के माध्यम से पौराणिक कथाओं को जीवंत किया जाएगा। एलजी मनोज सिन्हा ने इसके लिए बोर्ड से सुझाव मांगे हैं ताकि परियोजना पर आने वाले महीनों में काम शुरू हो सके। इसे दो साल के भीतर पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है।



## संपादक की कलम से

# डील के कई विरोधाभास



ललित शर्मा
संपादक

अमरीका से कृषि उत्पाद भारत में आएंगे और गेहूं, ज्वार, जौ, बाजरा, ओट्स, चावल, मक्का आदि बाजार में नहीं आएंगे। डेयरी क्षेत्र में भी अमरीका भारत के बाजार में प्रवेश करेगा, लेकिन हमारे किसान, उद्यमी और एमएसएमई सुरक्षित और संरक्षित रहेंगे। ऐसा आश्वासन प्रधानमंत्री मोदी ने भी दिया है। व्यापार समझौते का जो मसविदा, ढांचा सामने आया है, बेशक वह अंतरिम है, लेकिन कई विरोधाभासों वाला है। गेहूं, चावल, मक्का, सोयाबीन, पॉल्ट्री, मीट, केला, स्ट्राबेरी, चेरी, हरा मटर, मूंग, काबुली चना, तेल के बीज, तंबाकू, इथनॉल और डेयरी उत्पादों पर अमरीका हमें कोई छूट और रियायत नहीं देगा। भारत के वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल दावा कर रहे हैं कि दूध, क्रीम, छाछ, मक्खन, घी, बटर ऑयल, पनीर आदि डेयरी उत्पाद अमरीका से भारत में नहीं आएंगे। मसाले भी नहीं आएंगे, लेकिन समझौते के मसविदे, ढांचे में कहीं भी उल्लेख नहीं है कि दूध, जीएस गेहूं एवं मक्का, सोयाबीन आदि उत्पाद अमरीका भारत में नहीं भेजेगा। समझौते में कई गंभीर विरोधाभास हैं। अर्थात अमरीका हमारे कृषि और डेयरी क्षेत्रों में भी अपना कारोबार करेगा। क्या भारतीय किसान अमरीकी किसानों की प्रतिस्पर्द्धा में टिक सकेंगे? अमरीकी किसानों की लागत भारतीय किसानों की तुलना में बहुत कम है, क्योंकि उन्हें अरबों की सबसिडी दी जाती है, जबकि भारतीय सबसिडी ऊंट के मुंह में जीरा समान है। क्या एसबीआई की रपट बिल्कुल सही, सटीक साबित होगी और भारतीय किसानों, पशुपालकों को 1 लाख करोड़ रुपए से अधिक का नुकसान उठाना पड़ सकता है? बहरहाल मार्च मध्य में जब समझौते का अंतिम मसविदा सार्वजनिक होगा और जिस पर दोनों देशों के प्रतिनिधि हस्ताक्षर करेंगे, तब तक कुछ और संशोधन किए जा सकते हैं, लेकिन मोटे तौर पर व्यापार समझौते की शर्तें तय हो चुकी हैं। लिहाजा सबसे संवेदनशील सवाल यह है कि क्या अमरीका को उन क्षेत्रों में घुसने की अनुमति दे दी गई है, जिन पर भारत सरकार साफ इंकार करती रही है? एक बार अमरीकी उत्पादों का भारत में सैलाब आएगा, तो फिर वह रुकने वाला नहीं है? क्या भारत सरकार अमरीकी कृषि और डेयरी उत्पादों पर इतना टैरिफ लगा सकती है कि वे भारतीय बाजार में, हमारे किसानों के साथ, प्रतिस्पर्द्धा करने में पिछड़ जाएं? समझौते के मसविदे से तो ऐसा बिल्कुल भी नहीं लगता। बहरहाल अभी तो हमें प्रधानमंत्री मोदी और वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल के बयानों और दावों पर भरोसा करना चाहिए। रूस के कच्चे तेल से जुड़ी अमरीका की चेतावनी भी बेहद गंभीर है। सवाल है कि भारत किस देश से, कितना तेल–गैस आदि, खरीदता है, इस संप्रभु निर्णय में अमरीका का दखल क्यों होना चाहिए? राष्ट्रपति ट्रंप ने ऐसा प्रशासनिक आदेश भी जारी कर दिया है कि यदि भारत, प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से, रूस से तेल खरीदता पाया जाता है, तो उस पर 25 फीसदी पेनल्टी टैरिफ एक बार फिर लगाया जा सकता है। इस बिंदु पर भारतीय वातार्कार सहमत क्यों हुए? रूस भारत का पुराना और आजमाया हुआ मित्र–देश है। भारत ने जनवरी, 2026 में भी रूस से 251 टन तेल प्रतिदिन खरीदा है। बेशक भारत ने रूसी तेल की खरीद कम की है, लेकिन यह भी गौरतलब तथ्य है कि रूसी तेल खरीदने से भारत को बीते 40 माह में 1.53 लाख करोड़ रुपए का शुद्ध मुनाफा हुआ है। तेल का यह कारोबार रुपए–रूबेल में हुआ है। अप्रैल–मई तक का रूसी तेल का हमारा ऑर्डर पहले ही दिया जा चुका है। राष्ट्रपति ट्रंप को बखूबी जानकारी होगी। फिर भी उन्होंने टैरिफ थोपने वाला आदेश जारी क्यों किया है? भारत–अमरीका समझौते के संदर्भ में एक गलत और पूर्वाग्रही व्याख्या की जा रही है।

## उदय किशोर साह



### खूबसूरत है नजारा

कविता

आ जा सनम मेरे लिये अपनी ही छत पे एक बार
दिल में कैद हसरत मचल रही है दीदार कोबार बार
कितना खूबसूरत है धरा पे ये मौसम की नजारे
चार चाँद गागन पे खिले मुस्कारा रहे हैं जहां सितारे

संगमरमरी सी दुधिया प्रकाश चारु चन्द्र की ये किरण
अवनी और अंबर में बिखरी है चादर ओढ़े है कण कण
तन में मन को पुरवाई वयार प्यार से हमें सहला जाती
वन उपवन की गोद में बिठा हमें लौरी सुलाने आती

पहाड़ों से गिरता। झूमता वो देखो अल्हड् सी नदियां
जिनकी तलहट्टी में आज भी बसी है दर्जनों ही बस्तियां
मन को पागल बना रही है ये हँसीन। चंचल सी वादियां
शहनाई की धूम मची है बावले की हो रही है शादियां

झूम रही है मस्ती में मंजरी संग अमुवा की ये डालियां
पिया से मिलने के लिये तड़प रही है विरहा में विरहनियां
कलियों ने घूंघट ओढ़ ली देख आता जब अपनी ही माली
शर्म से मुँह छुपा रही है वो देखो मधुकर की छोटी साली

चेहरा अपनी दिखा जा जानम तुँ मेरी बन जा हमराज
दोनों गगन में उड़ जायें बन जायें आज जोड़ा परवाज
जहाँ मिलन की सजी हो अपनी एक सुन्दर सा आशियाना
भूल जायें सारे ही गम के जो बजते थे बन कर कातिलाना

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड़, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर , दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया । संपादक : ललित शर्मा
सम्पर्क सूत्रः 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।

# वैलेंटाइन डे पर पुरुष इस तरह से दिखें स्टाइलिश, आपकी दिलरुबा हो जाएंगी इम्प्रेस! ट्राई करें ये कलर कॉम्बिनेशन




वैलेंटाइन डे पर अपने लुक से पार्टनर को इंप्रेस करने के लिए कपड़ों के सही कलर कॉम्बिनेशन पर ध्यान देना जरूरी है। इस लेख में ब्लैक-व्हाइट, नेवी ब्लू-ग्रे और बगंर्डी-ब्लैक जैसे कई क्लासिक और ट्रेंडी कलर कॉम्बिनेशन बताए गए हैं, जो आपको स्टाइलिश और आकर्षक लुक देंगे। फरवरी को प्यार का महीना कहा जाता है। कल यानी 7 फरवरी से मोहब्ब के खास दिन शुरू हो रहे हैं। जिस तरह से इन दिनों में महिलाओं को सुंदर दिखाना काफी पसंद होता है, वैसे ही वैलेंटाइन पर पुरुषों को भी गुड लुकिंग दिखने का अधिकार,तो बनता है। अगर मेन्स वैलेंटाइन पर डे पर इस तरीके के कपड़े को वियर करते हैं, तो 100% गारंटी की आपकी महिला मित्र आपसे जरुर इम्प्रेस हो जाएगी। अक्सर होता है कि कुछ मेन्स अपने स्टाइल पर जरा से भी ध्यान नहीं देते हैं। गुड लुकिंग दिखने के लिए मेन्स के लिए सबसे जरुरी है कपड़ों का रंग और उनका सही कॉम्बिनेशन बहुत मायने रखता है। आमतौर पर सही रंग न सिर्फ आपके व्यक्तित्व को उभारते हैं बल्कि आपकी आत्म विश्वास को भो बढ़ाते हैं। इस लेख में हम आपको बताएंगे कि वैलेंटाइन डे पर अपनी दिलरुबा का दिल जीतने के लिए बस इस तरह के कलर कॉम्बिनेशन के कपड़े जरुर पहनें, यह पुरषों के लुक को आकर्षक और स्टाइलिश बना सकते हैं।

**ब्लैक और व्हाइट**

वैलेंटाइन डे पर आप ब्लैक और व्हाइट का कॉम्बिनेशन क्लासिक और टाइमलेस है। वैसे यह एक सिंपल और सॉलिड लुक देता है। लेकिन इस कलर कॉम्बिनेशन में आप बिल्कुल आकर्षक दिखेंगे। ब्लैक शर्ट के साथ व्हाइट पैंट या व्हाइट शर्ट के साथ ब्लैंक जींस को वियर कर सकते हैं। यह कलर कॉम्बिनेशन आपकी त्वचा के रंग को उभारने में मदद करेगा और एक मजबूत, प्रोफेशनल और एलिगेंट लुक देगा। इसके अतिरिक्त आप ब्लैक जाकेट के साथ व्हाइट टी-शर्ट या व्हाइट पैंट्स के साथ ब्लैक शर्ट पहनकर एक स्मार्ट लुक पा सकते हैं।

**नेवी ब्लू और ग्रे**

नेवी ब्लू और ग्रे का कॉम्बिनेशन एक सॉफ्ट और प्रभावी तरीके से आकर्षण उत्पन्न करता है। इस तरह का संजोयन आपके लिए एकदम परफेक्ट रहेगा। वैलेंटाइन डे के मौके पर यह कॉम्बिनेशन आपके लुक को निखार देगा। नेवी ब्लू शर्ट और ग्रे पैंट्स एक शांत और शार्प लुक देने का काम करेगा। आप चाहे तो नेवी ब्लू ब्लेजर के साथ ग्रे स्लैक पैंट्स या ग्रे शर्ट के साथ नेवी ब्लू जींस पहन सकते हैं।

**ऑलिव ग्रीन और बेज**

वैलेंटाइन डे पर एकदम नेचुरल और आरामदायक लुक पाने के लिए ऑलिव ग्रीन और बेज का कलर कॉम्बिनेशन सबसे बढ़िया है। आउटडोर या कैजुअल लुक के लिए अच्छा है। ऑलिव ग्रीन जैकेट या शर्ट के साथ बेज चोकर पैंट्स या बेज जैकेट के साथ ऑलिव ग्रीन पैंट्स पहन सकते हैं।

**बगंर्डी और ब्लैक**

यह एकदम यूनिक कलर कॉम्बिनेशन है। बगंर्डी और ब्लैक का संयोजन एक गहरे और आकर्षक लुक दिखाता है। वैलेंटाइन डे पर बगंर्डी और ब्लैक कॉम्बो के कपड़े पहन लिए,तो आपकी पसंदीदा महिला खुश हो जाएगी। बगंर्डी का गहरा रंग ब्लैक के साथ शानदार तरीके से मेल खाता है, और यह आकर्षक लेकिन गंभीर लुक देने का काम करता है। आप चाहे तो बगंर्डी स्वेटर के साथ ब्लैक जींस या बगंर्डी जैकेट के साथ ब्लैक पैंट्स पहन सकते हैं।

**लाइट ब्लू और व्हाइट**

लाइट ब्लू और व्हाइट का कॉम्बिनेशन ताजगी और सादगी का बेहतरीन एहसास देता है। लाइट ब्लू शर्ट के साथ व्हाइट पैंट पहनने से लुक काफी आकर्षक नजर आता है, जो देखने में आरामदायक और स्टाइलिश होता है। आप चाहें तो लाइट ब्लू शर्ट के साथ व्हाइट चाइनोज या लाइट ब्लू टी-शर्ट के साथ व्हाइट पैंट्स चुनकर एक फ्रेश और स्मार्ट लुक पा सकते हैं।


**टैन और व्हाइट**

इसके अतिरिक्त, आप वैलेंटाइन डे पर टैन और व्हाइट कॉम्बिनेशन सॉफ्ट और हॉट लुक प्रदान करता है। इसलिए आप टैन शर्ट या पैंट्स के साथ व्हाइट टी-शर्ट या शर्ट पहन सकते हैं। यह आपके लुक को हल्का, आरामदायक और स्मार्ट होता है।

**पीच और बेज**

वैलेंटाइन डे पर दिखना है सबसे अलग, तो आप पीच और बेज कलर कॉम्बिनेशन शानदार लुक देता है। आप पीच शर्ट के साथ बेज पैंट्स या बेज जाकेट के साथ पीच टी-शर्ट पहन सकते हैं। इस तरह के कलर कॉम्बिनेशन काफी सुंदर लगता है। इसके अलावा, आप पीच शर्ट के साथ बेजूँल्लङ्क२ या पीच स्वेटर के साथ बेज पैंट्स पहनें। यह लुक देखकर आपकी महिला मित्र भी खुश हो जाएंगी।

# बार-बार रीहीट किए बिना भी घंटों तक खाना रहेगा गरम, जानिए कैसे



ध्यान रखें कि खाना बनाने के बाद आप ढक्कन का अच्छे से बंद करके रखें। अगर आप बर्तन खुला छोड़ देंगे, तो ऐसे में गर्मी बाहर चली जाएगी। अगर ढक्कन हल्का है, तो ऊपर से एक सूती कपड़ा या तौलिया डाल दें। ऐसा करने से खाना ज्यादा देर तक गरम रहता है। हम सभी अपने घर में सभी सदस्यों के लिए लंच या डिनर एक साथ बना देते हैं। लेकिन हर सदस्य के खाना खाने का समय अलग होता है। ऐसे में खाना ठंडा हो जाता है और फिर हमें उसे बार-बार गरम करना पड़ता है। इस तरह हर बार खाना गरम करने का झंझट ही रहता है। इतना ही नहीं, अगर एक ही खाने को बार-बार गरम किया जाता है तो इससे ना केवल उसका स्वाद बिगड़ जाता है, बल्कि पोषण पर भी नेगेटिव असर पड़ता है। ऐसे में जरूरत होती है कि आप कुछ आसान तरीके आजमाएं। दरअसल, ऐसे कई तरीके होते हैं, जिन्हें अगर स्मार्टली अपनाया जाए तो ऐसे में फिर आपको बार-बार माइक्रोवेव या गैस चलाने की जरूरत नहीं होती है। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको ऐसे ही कुछ आसान तरीकों के बारे में बता रहे हैं-

**ढक्कन बंद करके रखें**

ध्यान रखें कि खाना बनाने के बाद आप ढक्कन का अच्छे से बंद करके रखें। अगर आप बर्तन खुला छोड़ देंगे, तो ऐसे में गर्मी बाहर चली जाएगी। अगर ढक्कन हल्का है, तो ऊपर से एक सूती कपड़ा या तौलिया डाल दें। ऐसा करने से खाना ज्यादा देर तक गरम रहता है।

**कैसरोल का करें इस्तेमाल**

खाने को लंबे समय तक गर्म रखने के लिए हॉट पॉट या कैसरोल का इस्तेमाल करना अच्छा आइडिया हो सकता है। ये ऐसे कंटेनर होते हैं, जो खाने को 3-6 घंटे तक गर्म बनाए रखते हैं। ऑफिस से लेकर गेस्ट सर्विंग के लिए यह एक बेस्ट ऑप्शन है।

**जल्दी ना खोलें कुकर**

एक बार जब आप कुकर में खाना बनाते हैं तो यह ध्यान रखें कि आप उसे जल्द ना खोलें। दरअसल, कुकर के अंदर बहुत देर तक गर्मी रहती है। ऐसे में अंदर रखा खाना अपने-आप गरम रहता है। इसलिए, जब तक खाना परोसना न हो, कुकर न खोलने से बचें। दाल, राजमा, चना या ग्रेवी वाली सब्जियों के लिए यह बढ़िया तरीका है।

**माइक्रोवेव का करें इस्तेमाल**

अमूमन हम खाना गरम करने के लिए माइक्रोवेव का इस्तेमाल करते हैं। लेकिन अगर आप खाने को लंबे समय तक गरम ही रखना चाहती हैं तो ऐसे में आप उसमें खाना स्टोर करके रखें। आप माइक्रोवेव या ओवन बंद करके उसमें खाना रख दें। ऐसा करने से अंदर का बंद माहौल गर्मी बाहर नहीं जाने देता और थोड़ी देर तक खाना गरम बना रहता है।

# मेलों में मौत के झूले: खुशी के टिकट पर बिकती ज़िंदगी

हरियाणा के सूरजकुंड अंतरराष्ट्रीय मेले में झूला टूटने की घटना ने एक बार फिर साबित कर दिया कि हमारे यहाँ मनोरंजन भी जान जोखिम में डालकर ही किया जाता है। जिस मेले को संस्कृति, कला और पर्यटन का उत्सव कहा जाता है, वही मेला एक पल में चीखों, अफरातफरी और मातम में बदल गया। झूले के अचानक टूटकर गिरने से एक पुलिस इंस्पेक्टर की मौत हो गई और तेरह लोग गंभीर रूप से घायल हुए। यह सिर्फ. एक दुर्घटना नहीं, बल्कि उस व्यवस्था का परिणाम है जहाँ सुरक्षा सबसे आखिरी प्राथमिकता बन चुकी है। मेलों में झूले हमेशा से आकर्षण का केंद्र रहे हैं। बच्चों की हँसी, युवाओं का उत्साह और परिवारों की उम्मीदें—सब कुछ इन झूलों से जुड़ा होता है। लेकिन जब यही झूले मौत का कारण बन जाएँ, तो सवाल केवल तकनीकी खराबी का नहीं रहता, बल्कि पूरे प्रशासनिक ढाँचे की लापरवाही उजागर हो जाती है। सूरजकुंड हादसा अचानक नहीं हुआ। यह उस लापरवाही की परिणति है, जिसे सालों से ह्लचलने दोह्व कहकर नजरअंदाज किया जाता रहा है। सबसे बड़ा सवाल यह है कि आखिर ऐसे झूलों की अनुमति कैसे दी जाती है? क्या इनके फिटनेस सर्टिफिकेट की कोई गंभीर जाँच होती है या फिर कुछ कागजों और हस्ताक्षरों से ही सब कुछ ह्लमैनेजह्व कर दिया जाता है? हर बड़े मेले से पहले प्रशासन सुरक्षा के दावे करता है—ड्यूटी पर पुलिस, एंबुलेंस, दमकल वाहन—लेकिन झूलों की तकनीकी जाँच अक्सर औपचारिकता भर बनकर रह जाती है। जिस मशीन पर दर्जनों ज़िंदगियाँ झूल रही हों, उसकी गुणवत्ता, मेंटेनेंस और ऑपरेटर की ट्रेनिंग पर कोई सख़्त निगरानी क्यों नहीं होती?



प्रियंका सौरभ

सूरजकुंड मेला अंतरराष्ट्रीय पहचान रखता है। देश–विदेश से लोग यहाँ आते हैं। अगर ऐसे प्रतिष्ठित आयोजन में सुरक्षा का यह हाल है, तो छोटे कस्बों और गाँवों के मेलों की स्थिति का अंदाजा लगाना मुश्किल नहीं है। वहाँ न जाँच होती है, न एंबुलेंस समय पर पहुँचती है और न ही किसी की जवाबदेही तय होती है। अब जरूरत है केवल संवेदना जताने की नहीं, बल्कि ठोस कार्रवाई की। हर मेले और मनोरंजन आयोजन के लिए सख़्त सुरक्षा मानक तय होने चाहिए। झूलों की तकनीकी जाँच स्वतंत्र विशेषज्ञों से कराई जाए, न कि औपचारिक समितियों से। ऑपरेटरों की ट्रेनिंग अनिवार्य हो और जरा–सी लापरवाही पर लाइसेंस रद्द किया जाए। सबसे अहम बात—हादसे की स्थिति में सिर्फ.मुआवजा नहीं, बल्कि आपराधिक ज़िम्मेदारी भी तय की जाए। आज सूरजकुंड में झूला गिरा है। कल यह किसी और मेले में गिरेगा, अगर हमने अभी भी आँखें मूँदे रखीं। सवाल यह नहीं है कि अगला हादसा कहाँ होगा, सवाल यह है कि क्या हम हर बार मौत के बाद ही जागेंगे? मेलों का मकसद खुशी बाँटना होता है, मौत नहीं। लेकिन जब खुशी के टिकट पर ज़िंदगी बिकने लगे, तो समझ लेना चाहिए कि यह सिर्फ.हादसा नहीं, एक अपराध है—और उस अपराध की ज़िम्मेदारी तय करना ही सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

यह पहली बार नहीं है जब किसी मेले या मनोरंजन पार्क में झूला गिरने से मौतें हुई हों। देश के अलग-अलग राज्यों में समय-समय पर ऐसे हादसे होते रहे हैं—कहीं बच्चों की जान गई, कहीं महिलाएँ घायल हुईं, कहीं पूरा परिवार उजड़ गया। हर बार वही कहानी दोहराई जाती है—जाँच के आदेश, मुआवजे की घोषणा और कुछ दिनों का शोर। फिर सब कुछ भुला दिया जाता है, अगली दुर्घटना तक। सूरजकुंड हादसे में एक पुलिस इंस्पेक्टर की मौत होना इस त्रासदी को और गंभीर बना देता है। जो व्यक्ति जनता की सुरक्षा के लिए तैनात था, वही स्वयं व्यवस्था की लापरवाही का शिकार हो गया। यह घटना प्रतीक है उस विडंबना की, जहाँ सुरक्षा देने वाला भी सुरक्षित नहीं है। सवाल यह है कि अगर एक अधिकारी की जान यूँ ही चली गई, तो आम नागरिक की सुरक्षा की क्या गारंटी है?

प्रशासन अक्सर ठेकेदारों पर दोष मढ़कर पल्ला झाड़ लेता है। कहा जाता है कि झूला निजी संचालक का था, मेंटेनेंस उसकी ज़िम्मेदारी थी। लेकिन क्या प्रशासन की ज़िम्मेदारी यहीं खत्म हो जाती है? क्या बिना कड़ी जाँच के किसी भी ठेकेदार को मौत के झूले लगाने की खुली छूट दी जा सकती है? अगर हाँ, तो फिर हादसे के बाद सिर्फ.ठेकेदार को दोषी ठहराना एक तरह का धोखा ही है।

असल में यह समस्या सिस्टम की है। मेले अस्थायी होते हैं, लेकिन लापरवाही स्थायी। सुरक्षा मानकों को ह्लअतिरिक्त खर्चह्व समझा जाता है और मुनाफे को सबसे ऊपर रखा जाता है। झूले पुराने होते हैं, कई बार दूसरे राज्यों से लाकर बिना समुचित जाँच के लगा दिए जाते हैं। ऑपरेटर अक्सर अप्रशिक्षित होते हैं, जिन्हें न मशीन की तकनीक की समझ होती है और न आपात स्थिति से निपटने की ट्रेनिंग।

दुखद यह भी है कि हादसे के बाद प्रशासन की संवेदनशीलता केवल मुआवजे की घोषणा तक सीमित रह जाती है। मृतक के परिवार को कुछ लाख रुपये देकर समझ लिया जाता है कि जिम्मेदारी पूरी हो गई। लेकिन क्या किसी की जान की कीमत कुछ लाख रुपये हो सकती है? क्या मुआवजा उस दर्द, उस खालीपन और उस अन्याय की भरपाई कर सकता है? सवाल यह भी है कि क्या हमारे यहाँ मनोरंजन का मतलब ही जोखिम बन गया है? क्या मेले, झूले और उत्सव आम आदमी के लिए ह्ललक आजमानेह्व की जगह बन चुके हैं—जहाँ ज़िंदा लौटना भी किस्मत पर निर्भर हो? यह सोच किसी भी सभ्य समाज के लिए शर्मनाक है।

सूरजकुंड मेला अंतरराष्ट्रीय पहचान रखता है। देश-विदेश से लोग यहाँ आते हैं। अगर ऐसे प्रतिष्ठित आयोजन में सुरक्षा का यह हाल है, तो छोटे कस्बों और गाँवों के मेलों की स्थिति का अंदाजा लगाना मुश्किल नहीं है। वहाँ न जाँच होती है, न एंबुलेंस समय पर पहुँचती है और न ही किसी की जवाबदेही तय होती है। अब जरूरत है केवल संवेदना जताने की नहीं, बल्कि ठोस कार्रवाई की। हर मेले और मनोरंजन आयोजन के लिए सख़्त सुरक्षा मानक तय होने चाहिए। झूलों की तकनीकी जाँच स्वतंत्र विशेषज्ञों से कराई जाए, न कि औपचारिक समितियों से। ऑपरेटरों की ट्रेनिंग अनिवार्य हो और जरा-सी लापरवाही पर लाइसेंस रद्द किया जाए। सबसे अहम बात—हादसे की स्थिति में सिर्फ.मुआवजा नहीं, बल्कि आपराधिक ज़िम्मेदारी भी तय की जाए। आज सूरजकुंड में झूला गिरा है। कल यह किसी और मेले में गिरेगा, अगर हमने अभी भी आँखें मूँदे रखीं। सवाल यह नहीं है कि अगला हादसा कहाँ होगा, सवाल यह है कि क्या हम हर बार मौत के बाद ही जागेंगे? मेलों का मकसद खुशी बाँटना होता है, मौत नहीं। लेकिन जब खुशी के टिकट पर ज़िंदगी बिकने लगे, तो समझ लेना चाहिए कि यह सिर्फ.हादसा नहीं, एक अपराध है—और उस अपराध की ज़िम्मेदारी तय करना ही सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

# उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन की एक सभा बावाद पक्की

**वेलकम इंडिया महमूद रजा**




जनपद बिजनौर नजीबाबाद हरिद्वार रोड के व्यापारियों की मैशर्स विशाल फर्नीचर के प्रतिष्ठान पर हुई सभा में मुख्य अतिथि जिलाध्यक्ष श्री कपिल सर्राफ रहे श्री सर्राफ ने हाजी विशाल कुरैशी को हरिद्वार रोड शाखा का अध्यक्ष अबरार अहमद को महामंत्री

नरेंद्र पोपली, उपाध्यक्ष मोहम्मद मुनव्वर, उपाध्यक्ष मोहम्मद वसीम, उपाध्यक्ष हैं, मोहम्मद सनम, वर, उपाध्यक्ष विवेक महेश्वरी, सचिव अनुज अग्रवाल, संगठन मंत्री

मनोनीत किए

विशिष्ट अतिथि

प्रदेश मंत्री श्रीमती बिंदु सर्राफ श्रीमती सुमन वर्मा

प्रदेश संगठन मंत्री डॉ राजीव अरोड़ा, जिला उपाध्यक्ष मुकीम कुरैशी जिला महामंत्री रईस कुरैशी

नगर अध्यक्ष शाहिदसिद्दीकी नगर अध्यक्ष युवा शेर अली शाखा अध्यक्ष मोनू टाटा पंकज वर्मा मोहम्मद रिजवान, मोहम्मद असलम सिताब खान अनिल गर्ग, विवेक महेश्वरी नरेंद्र पोपली फईम घोसी मोहम्मद आसिफ, जावेद कुरैशी अनुज अग्रवाल, सचिन अग्रवाल मेहताब पहलवान महबूब अहमद सहित सैकड़ों व्यापारी बड़ी संख्या में मौजूद थे प्रदेश मंत्री बिंदू सर्राफ एवं प्रदेश संगठन मंत्री डॉक्टर राजीव अरोड़ा ने अपने संबोधन में व्यापारी नेताओं द्वारा व्यापार मंडल के नाम पर चंदा वसूली को घोर अपराध बताया तथा कहा की उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन व्यापारियों का नंबर 1 संगठन बन गया है व्यापारी उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन में जुड़कर अपने आपको सुरक्षित महसूस कर रहा है व्यापारी का उत्पीड़न बर्दाश्त नहीं किया जाता है। श्री शाहिद सिद्दकी ने अपने संबोधन में कहा कि कोई भी व्यापारी नेता यदि पद देने के नाम पर या प्रमाणपत्र देने के नाम पर सदस्यता के नाम पर चंदा वसूली करता है, तो उसे

आप डांटकर लताड़कर अपनी दुकान से उतार दें क्योंकि जो व्यापार नहीं कर रहा है वह अपने पेट भरने के चक्कर में व्यापारी नेता बन गया है

# आगरा में 11 लाख रुपये की चोरी का खुलासा, 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया



**आगरा से संवाददाता मयूर खान**

आगरा - नाई की मंडी थाना पुलिस ने फुटवियर शोरूम में हुई 11 लाख रुपये की सनसनीखेज चोरी का सफल खुलासा करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इस मामले में सबसे चौंकाने वाली बात यह सामने आई कि चोरी का मास्टरमाइंड कोई बाहरी नहीं, बल्कि दुकान में काम करने वाला कर्मचारी राहुल ही निकला। पुलिस ने बताया कि घटना 31 जनवरी की रात की है, जब नाई की मंडी क्षेत्र स्थित चिराग फुटवियर शोरूम को निशाना बनाया गया। चोरों ने शोरूम की छत का गेट तोड़कर अंदर प्रवेश किया और गल्ले में रखे 11 लाख रुपये नकद चोरी कर लिए। वारदात से पहले और बाद में पहचान छिपाने के इरादे से सीसीटीवी कैमरे भी क्षतिग्रस्त कर दिए गए। पुलिस ने आसपास के सीसीटीवी फुटेज, सर्विलांस और मुखबिर तंत्र की मदद से जांच शुरू की। जांच के दौरान पुलिस को शक दुकान के कर्मचारी राहुल पर हुआ। कड़ी पूछताछ में उसने अपने साथियों के साथ मिलकर चोरी की साजिश रचने की बात कबूल कर ली। 6 फरवरी को पुलिस ने पंचकुइयां कब्रिस्तान के पास से समीर, राहुल सहित चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पाँचवाँ आरोपी पवन फरार है। वह राहुल का भाई है। पुलिस उसकी तलाश में जुटी है।

# नहर में कचरा फेकने से जलजनित बीमारियों के फैलने का खतरा



**वेलकम इंडिया**

**संतकबीरनगर।** विकास खण्ड सेमरियावा के गांव दरियाबाद में नहर में कचरा फेकने का मामला प्रकाश में आया है। जानकारी के बाद भी सम्बंधित जिम्मेदार अनजान बने हुए हैं। मामले को लेकर ग्रामीण हलकान हैं। ग्रामीण अब्दुल्लाह ने बताया कि उनका घर गांव के दक्षिण स्थित नहर के उत्तर में स्थित है। गांव के कुछ लोग मना करने के बाद भी नहर में आये दिन कचरा फेकते हैं जिससे उठती दुर्गन्ध से परेशानी झेलनी पड़ती है। जिसके कारण जलजनित व मच्छरजनित बीमारियों के फैलने का खतरा बना हुआ है। उन्होंने शासन- प्रशासन से उत्पन्न समस्या के समाधान की मांग की है।

# नजीबाबाद में साइबर क्राइम जागरूकता रैली का आयोजन

**वेलकम इंडिया महमूद रजा**



जनपद बिजनौर नजीबाबाद नजीबुद्दौला गर्ल्स इंटर कॉलेज, नजीबाबाद में राष्ट्रीय सेवा योजना के विशेष शिविर के समापन दिवस पर साइबर क्राइम के प्रति जागरूकता विषय पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत स्वयंसेविकाओं द्वारा जागरूकता प्रस्तुतियां दी गईं।

इसके उपरांत भारत बैंक्विट हॉल से नगर के विभिन्न मार्गों से होते हुए स्वयंसेविकाओं ने एक जागरूकता रैली निकाली। रैली के माध्यम से आम नागरिकों को साइबर अपराध से सावधान रहने का संदेश दिया गया। रैली नजीबाबाद थाना परिसर पहुंची, जहां थाना प्रभारी राहुल सर जी साइबर क्राइम शाखा के इंस्पेक्टर योगेंद्र सिंह जी विशेष पुलिस अधिकारियों द्वारा स्वयंसेविकाओं एवं अन्य सहभागियों को साइबर अपराध से बचाव के उपायों की विस्तृत जानकारी दी गई। उन्होंने ऑनलाइन ठगी, फर्जी कॉल, ओटीपी साझा न करने, सुरक्षित पासवर्ड और सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग पर विशेष रूप से प्रकाश डाला। कार्यक्रम अधिकारी गजाला मुमताज ने कार्यक्रम के संचालन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और स्वयंसेविकाओं के साथ मिलकर लोगों को साइबर अपराध के प्रति जागरूक किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षिकाएं मेहरीन एवं शगुफ्ता नाज का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम के अंत में सभी स्वयंसेविकाओं ने साइबर सुरक्षा के प्रति समाज को जागरूक करने का संकल्प लिया।

# दीपमाला फाउंडेशन का हुआ उद्घाटन उखर्रा रोड स्थित दीपमाला फाउंडेशन का हुआ शुभारंभ जिसमें




**आगरा से संवाददाता मयूर खान**

आगरा में महिला थाना प्रभारी संगीता सोलंकी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रही। साथ ही विशिष्ठ अतिथि के रूप में सिंधु गुप्ता जी भाजपा महिला मोर्चा की उपाध्यक्ष, हेमलता चौहान स्थानीय पार्षद, रेखा गुप्ता छावनी महिला मोर्चा की अध्यक्ष, योगेश राजपूत संस्थापक रहे। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलित कर की गई। सभी का स्वागत कर सभी अतिथियो ने अपने विचार रखे और दीपमाला फाउंडेशन की निदेशक दीपमाला राजपूत ने बताया कि संस्था का उद्देश्य महिलाओं को स्वरोजगार से जोड़ना है उन्हें प्रशिक्षित कर आगे बढ़ाना है जिसमे सिलाई, ब्यूटीसीन, कम्प्यूटर, योगा जैसी कई ट्रेनिंग देना है। कार्यक्रम की व्यवस्था सपना श्रीवास्तव, अनुप्रिया, हेमा चक व सभी महिलाओं ने मिलकर संभाली।

# आचार्य देवानंद महाराज जी के नेतृत्व में सेमरियावा में निकली कलश यात्रा



**वेलकम इंडिया**

**संतकबीरनगर।** विकास खंड सेमरियावा के स्थानीय सेमरियावां के गोरहवा पुरवे से गांव होते हुए चौराहे पर होते हुए ककरहा मंदिर से वापस गोरहावा तक कलश पूजन आचार्य देवानंद महाराज जी कथावाचक कुंडल कृष्ण शास्त्री जी 251 कलश के साथ यात्रा आरंभ हुआ। इस कलश यात्रा में हिंदू महासंघ के प्रदेश मंत्री छेदी प्रसाद यादव, विश्व हिंदू परिषद के जिला अध्यक्ष रविंद्र नाथ सिंह, राजकुमार कनौजिया, मंडल अध्यक्ष कन्हैया लाल यादव, पूर्व मंडल अध्यक्ष राम पुरुषोत्तम गुप्ता, रामसागर चौधरी, संतराम वरुण, दुर्गेश जायसवाल, भोलेनाथ गुप्ता, संजय चौहान, घनश्याम लोधी, नरेश विश्वकर्मा, जमुना प्रसाद, शिव मूरत, अशोक कुमार, शुभम वर्मा, सुरेंद्र कुमार, सोभनाथ गौड, कन्हैयालाल, सुखारी गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# राज्य विद्युत परिषद् प्राविधिक कर्मचारी संघ खंडी कमेटी मेहदावल की कार्यकारिणी का चुनाव संपन्न

**वेलकम इंडिया**



**संत कबीर नगर।** राज्य विद्युत परिषद् प्राविधिक कर्मचारी संघ, जनपद कार्यकारिणी संत कबीर नगर के तत्वावधान में खंडी कमेटी मेहदावल का चुनाव सफलतापूर्वक संपन्न कराया गया। यह कार्यक्रम दिनांक 08 फरवरी 2026 को संगठन भवन, संत कबीर नगर में आयोजित हुआ।

चुनाव के उपरांत निम्न पदाधिकारियों का चयन सर्वसम्मति से किया गया। जिसमें खंडी अध्यक्ष- विजय कुमार वाल्मीकि, खंडी सचिव- अरविंद गुप्ता, कोषाध्यक्ष- चंद्रकेश मौर्य, खंडी संगठन सचिव- देव प्रकाश कुमार, खंडी प्रचार सचिव- विकास पंचाल निर्वाचित घोषित किये गये। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्वांचल संगठन सचिव धीरेन्द्र नाथ यादव ने की। उन्होंने नवनिर्वाचित खंडी कमेटी को बधाई देते हुए संगठन को और अधिक सशक्त बनाने की अपेक्षा व्यक्त की। इस अवसर पर पूर्वांचल उपाध्यक्ष, राज्य विद्युत परिषद् प्राविधिक कर्मचारी संघ सुनील कुमार प्रजापति ने नवनिर्वाचित कार्यकारिणी को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि नई खंडी कमेटी जिले को मजबूती प्रदान करते हुए संगठन के हित में महत्वपूर्ण निर्णय लेगी। वर्तमान जिला अध्यक्ष, राज्य विद्युत परिषद् प्राविधिक कर्मचारी संघ, जनपद संत कबीर नगर ने अपने संबोधन में कहा कि नवनिर्वाचित खंडी कमेटी संगठन में अनुशासन बनाए रखते हुए संघ के विकास की दिशा में कार्य करेगी तथा वर्तमान में चल रहे पूर्वांचल एवं दक्षिणांचल में विद्युत निजीकरण के विरुद्ध संघर्ष को और अधिक मजबूती प्रदान करेगी। इस क्रम में पूर्वांचल उपाध्यक्ष सुनील कुमार प्रजापति, पूर्वांचल संगठन सचिव धीरेन्द्र नाथ यादव, जनपद अध्यक्ष नारायण चंद्र चौरसरिया, जनपद सचिव भास्कर पांडेय, वरिष्ठ संगठन सचिव रमेश प्रजापति, जिला संगठन सचिव पुष्पेंद्र भारती, जिला कोषाध्यक्ष सूरज प्रजापति, जिला उपाध्यक्ष विवेकानंद नायक, जिला उपाध्यक्ष मनोज यादव, प्रचार सचिव प्रदुम कुमार, रंजन कुमार, सत्येंद्र सिंह, हरिप्रसाद, नवनीत सिंह, सर्वेश विश्वकर्मा, आशीष कुमार, मेवालाल मौर्य, विवेक पासवान समेत अन्य टीजी 02 सदस्य मौजूद रहे जिनकी मौजूदगी में कार्यक्रम शांतिपूर्ण एवं सफल वातावरण में संपन्न हुआ।

# उड़ान प्रतिभा खोज परीक्षा हुई संपन्न, 1280 बच्चे हुए शामिल



**वेलकम इंडिया**

**संतकबीरनगर।** रविवार को पैराडाइज कोचिंग क्लासेज मूड़ाडिहाबेग द्वारा उड़ान प्रतिभा खोज परीक्षा संपन्न हो गई। तीन परीक्षा केंद्रों पर आयोजित परीक्षा में सैकड़ों की संख्या में विद्यार्थी मौजूद रहे। पैराडाइज कोचिंग क्लासेज मूड़ाडिहाबेग द्वारा उड़ान प्रतिभा खोज परीक्षा संपन्न हो गई। नेशनल इंटर कॉलेज मूड़ाडिहा बेग, सनाबिल गर्ल्स इंटर कॉलेज मूड़ाडिहा बेग और अल हुदा पब्लिक स्कूल चैनपुर परीक्षा केन्द्र पर 1280 विद्यार्थी परीक्षा में शामिल हुए। डायरेक्टर मोहम्मद अहमद ने बताया कि परीक्षा में 21 विद्यार्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षा का परिणाम जल्द ही घोषित किया जाएगा। पुरस्कार वितरण समारोह 15 मार्च को आयोजित किया जाएगा।

# थाना दुधारा क्षेत्र में साइबर अपराधों से बचाव हेतु जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**वेलकम इंडिया**



**संतकबीरनगर।** पुलिस अधीक्षक संदीप कुमार मीना के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार सिंह के मार्गदर्शन तथा क्षेत्राधिकारी साइबर क्राइम थाना संतकबीरनगर अमित कुमार के पर्यवेक्षण में थाना दुधारा क्षेत्र अंतर्गत अहमद शिक्षण संस्थान, अगया छाता में स्कूली बच्चों एवं आमजन को साइबर अपराधों से बचाव के संबंध में जागरूक किया गया। कार्यक्रम के दौरान साइबर क्राइम थाना के विशेषज्ञों द्वारा लगभग 450 छात्र-छात्राओं एवं नागरिकों को ऑनलाइन ठगी, सोशल मीडिया अकाउंट हैकिंग, फर्जी कॉल, ओटीपी फ्रॉड, संदिग्ध लिंक क्लिक धोखाधड़ी सहित विभिन्न प्रकार के साइबर अपराधों के तरीकों की विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही यह भी बताया गया कि किसी भी संदिग्ध कॉल, मैसेज अथवा लिंक पर तत्काल प्रतिक्रिया न दें तथा किसी भी परिस्थिति में अपनी व्यक्तिगत एवं बैंकिंग जानकारी साझा न करें। पुलिस अधीक्षक महोदय के निर्देशन में जनपद पुलिस द्वारा निरंतर इस प्रकार के जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर आमजन को सुरक्षित डिजिटल व्यवहार अपनाने हेतु प्रेरित किया जा रहा है। इस अवसर पर प्रभारी निरीक्षक साइबर क्राइम थाना जय प्रकाश चौबे, आ0 रामप्रवेश मद्धेशिया, आ0 राजकुमार यादव, म0आ0 अमृता सिंह सहित अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# ब्राह्मण समाज का प्रतिनिधि मंडल डॉ. ललित कौशिक के समर्थन में

**वेलकम इंडिया**



**मुरादाबाद।** मुंडापांडे ब्लॉक के पूर्व ब्लॉक प्रमुख डॉ. ललित कौशिक के निवास पर ब्राह्मण समाज का एक उच्चस्तरीय प्रतिनिधि मंडल पहुंचा। मार्च 2023 में झूठे केस में जेल भेजे गए डॉ. कौशिक पर जेल अवधि के दौरान ही 25 से अधिक मुकदमे दर्ज कराए गए, जो राजनीतिक साजिश का स्पष्ट संकेत है।

प्रतिनिधि मंडल में प्रमुख ब्राह्मण संगठनों के नेता शामिल रहे, जिनमें अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रदीप शर्मा, जिला अध्यक्ष सतेंद्र शर्मा, महानगर अध्यक्ष युवा अमित शर्मा उर्फ राजू, अखिल भारतवर्षीय ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष आचार्य राजेश शर्मा, जिला अध्यक्ष नवीन शर्मा, राष्ट्रीय ब्राह्मण महासंघ मुरादाबाद के मंडल अध्यक्ष अर्जुन शर्मा, परशुराम सेना के महानगर उपाध्यक्ष विशाल शर्मा, समाजसेवी पंडित शरद शर्मा, वरिष्ठ ब्राह्मण नेता नरेश शर्मा, तथा शिवसेना के महानगर अध्यक्ष रजत श्रोत्रिय प्रमुख रहे। मंडल ने डॉ. कौशिक को न्याय दिलाने के लिए एकजुट होकर संघर्ष का ऐलान किया। अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रदीप शर्मा ने कहा कि ह्लडॉ. ललित कौशिक के साथ घोर अन्याय हो रहा है। झूठे मुकदमों की राजनीति अब बर्दाश्त नहीं होगी। ब्राह्मण समाज इस साजिश के खिलाफ निर्णायक कार्रवाई करेगा।ह्व प्रतिनिधि मंडल ने डॉ. कौशिक के परिवार से मुलाकात कर समर्थन जताया और प्रशासन से तत्काल न्याय की मांग की। यह घटना ब्राह्मण समाज की एकजुटता को दर्शाती है।

# क्षेत्राधिकारी नजीबाबाद द्वारा थाना मंडावली क्षेत्र अंतर्गत कांवड़ ड्यूटी में तैनात पुलिस बल का निरीक्षण



**वेलकम इंडिया महमूद रजा**

बिजनौर के तहसील नजीबाबाद क्षेत्राधिकारी नजीबाबाद द्वारा थाना मंडावली क्षेत्र अंतर्गत कांवड़ ड्यूटी में तैनात पुलिस बल का निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों/कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए तथा कांवड़ यात्रियों की सुरक्षा एवं सुगमता के साथ-साथ जंगली जानवरों आदि से सुरक्षा के दृष्टिगत कांवड़ रूट एवं आसपास के जंगलों की ड्रोन कैमरे से निगरानी की गई।

## खेसरहा युवक हत्याकांड का 24 घंटे में खुलासा:

# चार आरोपी गिरफ्तार

वेलकम इण्डिया/ असदुल्लाह सिद्दीकी



**सिद्धार्थनगर।** जिले के खेसरहा थाना क्षेत्र के बनुहिया बुजुर्ग गांव में हुए युवक की हत्याकांड का पुलिस ने 24 घंटे के भीतर खुलासा कर दिया है। इस मामले में चार आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर हत्या में इस्तेमाल की गई कुल्हाड़ी, चैनल की रॉड और एक मोटरसाइकिल भी बरामद की है।

जानकारी के अनुसार, 7 फरवरी 2026 की सुबह गांव के दक्षिण स्थित एक बाग में मनोज कुमार (पुत्र स्वर्गीय दयाराम) का शव मिला था। घटना की सूचना मिलते ही उच्च अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया। मृतक की परिजन सुमित्रा देवी की तहरीर पर खेसरहा थाने में संबंधित धाराओं और एससी/एसटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया।

एसएसपी डॉ. अभिषेक महाजन ने घटना के मामले पर एक संयुक्त टीम गठित की गई। इस टीम में थानाध्यक्ष अनूप कुमार मिश्र और सर्विलांस टीम शामिल थी। टीम ने वैज्ञानिक और इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्यों के आधार पर जांच करते हुए अनिल यादव और चैतू यादव को मरवटिया नहर पुल के पास से गिरफ्तार किया। वहीं, सुजीत यादव और कलावती को बांसी-बेलौहा मार्ग स्थित चूटी पुल के पास से पकड़ा गया।

पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि लगभग 20-22 दिन पहले ई-रिक्शा से टक्कर को लेकर मनोज और हरिओम के बीच विवाद हुआ था। यह विवाद बाद में रंजिश में बदल गया। इसी दुश्मनी के चलते हरिओम ने अपने पिता अनिल और भाई सुजीत को मुंबई से बुलाया। परिवार के साथ मिलकर उन्होंने मनोज के सिर पर वार किया और उसे मृत समझकर मौके से फरार हो गए। अस्पताल ले जाते समय मनोज की मौत हो गई थी।

एडिशनल एसपी प्रशांत कुमार प्रेस कांफ्रेंस कर हत्या के मामले का खुलासा कर बताया कि हत्या की वजह लगभग तीन सप्ताह पहले हुआ एक मामूली विवाद था। मनोज के ई-रिक्शा से गांव के ही हरिओम की मोटरसाइकिल टकरा गई थी, जिसे लेकर कहासुनी हुई थी। यही विवाद बाद में गहरी रंजिश में बदल गया और हत्या की साजिश रची गई।

पूछताछ में आरोपियों ने साजिश और हत्या की बात स्वीकार कर ली है।

पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए अनिल यादव, चैतू यादव, सुजीत यादव और कलावती यादव को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों की निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त कुल्हाड़ी, चैनल की रॉड और वारदात में इस्तेमाल की गई मोटरसाइकिल भी बरामद कर ली गई है। पुलिस ने सभी गिरफ्तार आरोपियों को न्यायालय में पेश किया है। इस पूरी कार्रवाई में थानाध्यक्ष अनूप कुमार मिश्र सहित सर्विलांस और खेसरहा पुलिस टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## पैराग्लाइडिंग प्रतियोगिता में आसमान में पैराग्लाइडिंग देख लोगों में दिखा उत्साह

**बागेश्वर।** कपकोट में चल रहे राष्ट्रीय एक्यूरेसी पैराग्लाइडिंग प्रतियोगिता में विभिन्न प्रान्तों के पायलट प्रतिभाग कर रहे हैं। प्रतियोगिता देख कपकोट क्षेत्र में हवा में अपनी करतब दिखा रहे प्रतिभागियों को देख लोगों में भी काफी उत्साह है। प्रतियोगिता के अन्तिम दिन रोमांचक मुकाबलों का दौर जारी रहा। देश के विभिन्न राज्यों से आए 64 प्रतिभागियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सटीक लैंडिंग और उत्कृष्ट उड़ान कौशल का परिचय दिया।

जालेख से उड़ान भरने वाले पैराग्लाइडरों से कपकोट का आसमान रंग-बिरंगी छतरियों से सजा नजर आया, जो दर्शकों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र बना रहा। प्रतियोगिता स्थल पर स्थानीय नागरिकों और पर्यटकों की भारी उपस्थिति रही, जिससे पूरे क्षेत्र में उत्सव जैसा माहौल बना रहा। इस आयोजन के माध्यम से कपकोट क्षेत्र को एडवेंचर टूरिज्म के प्रमुख केंद्र के रूप में नई पहचान मिल रही है। विशेषज्ञों के अनुसार, इस प्रकार के राष्ट्रीय स्तर के आयोजनों से क्षेत्रीय पर्यटन को बढ़ावा मिलने के साथ-साथ स्थानीय युवाओं के लिए स्वरोजगार के नए अवसर भी विकसित होंगे।

## शिवरात्रि, होली और रमजान को लेकर शांति समिति की बैठक: अफवाह फैलाने वालों पर होगी कार्रवाई : सीओ



वेलकम इण्डिया असदुल्लाह सिद्दीकी

**चिल्हियां/सिद्धार्थनगर।** महा शिवरात्रि, रमजान, होली पर्व को सकुशल सम्पन्न कराने हेतु सम्भ्रान्ति लोगों व धर्मगुरुओं के साथ एक समन्वय बैठक किया गया। सभी लोगों से पर्व को सकुशल संपन्न कराने की अपील की गई। थाना चिल्हियां में रविवार को प्रभारी राजेश कुमार गुप्ता और सीओ विश्वजीत सौरयान की अध्यक्षता में पीस कमेटी की बैठक की गई।

बैठक में सीओ विश्वजीत सौरयान ने कहा कि शिवरात्रि, होली और माहे रमजान के त्योहारों को सभी लोग मिलजुलकर मनाएं। उन्होंने स्पष्ट किया कि त्योहारी माहौल में कोई भी व्यक्ति गलत अफवाह फैलाकर शांति भंग करने की कोशिश करता है, तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

थाना प्रभारी राजेश कुमार गुप्ता ने धर्मगुरुओं सम्भ्रान्ति लोगों से अपील करते हुए कहा कि थाना क्षेत्र के लोग ही हमारे परिवार व अंग है। आप के सहयोग से ही हर कार्यक्रम को शान्ति पूर्ण माहौल में मनाया जा सकता है। शान्ति व्यवस्था में कोई व्यवधान हो तो पुलिस को सूचित करें, पुलिस तत्पर रहेगी। क्षेत्र में जहां भी शिव रात्रि के दिन मेला आयोजन हो रहा है। चिन्हित किया गया। नये स्थान के बारें में जानकारी लिया गया। रमजान, होली पर्व पर शान्ति पूर्व आपसी सामंजस्य बनाकर बनायें, जिससे आपसी सौहार्द बना रहें। इसके अतिरिक्त कोई अराजकतत्व अवरोध करता है। उसके खिलाफ सख्त कार्यवाही की जायेगी। मेले या किसी धार्मिक स्थल पर कोई विवाद करता है, तो उसे छोड़ा नहीं जायेगा प्रशासनिक कार्यवाही की जायेगी। ग्राम प्रधान अबरार अली, राजेन्द्र पाल, लैस मोहम्मद, राम सुमिरन गोस्वामी, जमुना, बरकत अली, ईमाम चिल्हिया, अनिल सिंह, नौनिहाल सिंह सहित क्षेत्र के सम्मानित लोग उपस्थित रहे।

## सार संक्षेप

### पुलिस ने 10-10 हजार के दो इनामी आरोपियों को किया गिरफ्तार,भेजा जेल




वेलकम इण्डिया असदुल्लाह सिद्दीकी

**मोहाना/सिद्धार्थनगर।** मोहाना पुलिस ने रविवार को क्रिकेट खेलने के विवाद में हत्या के प्रयास के मामले में वांछित 10-10 हजार के दो इनामी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। मुखबिर की सूचना पर एसओ मोहाना जितेंद्र कुमार सिंह की टीम ने नेपाल सीमा से सटे झंगटी मोड़ के पास से लीला डिहवा निवासी चाटू उर्फ राजेंद्र और रामकरन को गिरफ्तार किया। पूछताछ करने के बाद उन्हें कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया है। सीओ सदर विश्वजीत सौर्यान ने जानकारी देते हुए बताया कि क्षेत्र में दोनों के ऊपर हत्या के प्रयास सहित विभिन्न धाराओं में प्राथमिकी दर्ज थी और दोनों पुलिस गिरफ्त से दूर थे। इनकी गिरफ्तारी के लिए टीम लगी थी।

### जानलेवा हमले के दो वांछित गिरफ्तार, हथियार बरामद



वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह

**हापुड़।** जनपद में अपराध की रोकथाम एवं वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत थाना बहादुरगढ़ पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने ग्राम लुहारी में प्रशांत पर हुए जानलेवा हमले की घटना में नामित/वांछित दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपियों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त बलकटी व दाव भी बरामद किए गए हैं। यह कार्रवाई थाना बहादुरगढ़ पुलिस टीम द्वारा सुनियोजित तरीके से की गई। दोनों आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में विधिक कार्रवाई कर न्यायालय में पेश किया गया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जनपद में अपराधियों के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा और कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा।

## माउंट लिट्रा जी स्कूल में रंगमंच वार्षिकोत्सव हर्षोल्लास के साथ संपन्न

वेलकम इण्डिया



**मथुरा।** माउंट लिट्रा जी स्कूल में वार्षिक उत्सव ह्यरंगमंचह्ल का भव्य आयोजन अत्यंत हर्षोल्लास एवं धूमधाम के साथ किया गया। इस गरिमामयी समारोह के मुख्य अतिथि प्रदीप माथुर रहे। कार्यक्रम में विद्यालय के चेयरमैन विनोद गर्ग, डायरेक्टर कमल गर्ग एवं चारू गर्ग की विशिष्ट उपस्थिति रही।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि द्वारा दीप प्रज्ज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ किया गया। ह्यरंगमंचह्ल शीर्षक के अनुरूप विद्यार्थियों ने भारतीय सभ्यता, संस्कृति एवं देशभक्ति से ओत-प्रोत रंगारंग प्रस्तुतियाँ दीं। नृत्य, नाट्य एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से विद्यार्थियों ने अपनी सृजनात्मकता और प्रतिभा का अद्भुत प्रदर्शन किया, जिसे देखकर उपस्थित दर्शक मंत्रमुग्ध हो गए।

इस उत्सव में प्री-प्राइमरी के नन्हे-मुन्ने बच्चों से लेकर कक्षा 12वीं तक के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर सहभागिता की। विद्यार्थियों की प्रभावशाली प्रस्तुतियों की अभिभावकों एवं दर्शकों द्वारा भूरी-भूरी प्रशंसा की गई।

कार्यक्रम के मध्य विद्यालय में आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में सहभागिता करने वाले अभिभावकों को पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया। साथ ही कक्षा 10वीं एवं 12वीं के उन विद्यार्थियों को भी सम्मान प्रदान किया गया।

## अनिल चौधरी ने क्षेत्रीय नागरिकों से आत्मीय भेंटकर किया संवाद



वेलकम इण्डिया असदुल्लाह सिद्दीकी

**शोहरतगढ़/सिद्धार्थनगर।** अपना दल (एस) के तेज तर्रार युवा नेता अनिल चौधरी प्रदेश सचिव (शि0 मंच) ने रविवार को महदेवा नानकार, सेमरा, डोहरिया बुजुर्ग, बगुलहवा, डोहरिया खुर्द सहित तमाम गांवों में जनसम्पर्क के दौरान क्षेत्रीय नागरिकों से आत्मीय भेंटकर संवाद स्थापित किया। इस दौरान अनिल चौधरी ने क्षेत्रवासियों से सीधे संवाद करते हुए अपना दल (एस) की नीतियों, जनकल्याणकारी सोच और संगठन की दिशा पर चर्चा की गई। अनिल चौधरी ने विभिन्न स्थानों पर लोगों ने अपने अनुभव, समस्याएं और अपेक्षाएं खुलकर साझा किया। उन्होंने यह भी बताया कि लोगों की सकारात्मक प्रतिक्रिया से यह स्पष्ट हुआ कि जनता मुद्दों पर आधारित राजनीति चाहती है। क्षेत्रीय नागरिक जमीनी समाधान और भरोसेमन्द नेतृत्व चाहते हैं। वहीं जनता के साथ, जनता के लिए अपना दल (एस) का यह प्रयास निरन्तर जारी रहेगा। अनिल चौधरी ने कहा कि लोगों का यह भरोसा उन्हें निरन्तर लोगों के बीच रहकर, उनकी आवाज बनकर और उनके मुद्दों के समाधान के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करने की प्रेरणा देता है। जनता का यह प्रेम व सम्मान और विश्वास, हमारे लिए किसी पद या पहचान से कहीं अधिक मूल्यवान है। इसी विश्वास के साथ यह संकल्प दोहराते हैं कि जनता के सुख-दुख में हमेशा साथ खड़े रहेंगे और सेवा का यह क्रम निरन्तर जारी रहेगा।

## बनकोट क्षेत्र के गांवों को बागेश्वर जिले में मिलाने की मांग तेज

**बागेश्वर।** पिथौरागढ़ जनपद के बनकोट क्षेत्र के दस ग्राम पंचायतों को बागेश्वर जिले में शामिल करने की मांग के बाद भी वर्षों से सरकार द्वारा ठगी करने के खिलाफ लोगों में रोष है। बागेश्वर जिले में मिलाने की मांग को लेकर एक बार फिर संघर्ष समिति मुखर हो गई है। यहां आयोजित सभा में वक्ताओं ने कहा कि वर्ष 1997 से वे बागेश्वर जिले में शामिल किए जाने की मांग कर रहे हैं, लेकिन आज तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। वक्ताओं ने चेतावनी दी कि शीघ्र समाधान नहीं होने पर आंदोलन तेज किया जाएगा। संघर्ष समिति अध्यक्ष पूर्व सूबेदार मेजर शिवराज सिंह बनकोटी की अध्यक्षता में दस ग्राम पंचायतों की संयुक्त बैठक आयोजित की गई। विभिन्न गांवों के ग्राम प्रधान क्षेपं सदस्य सहित ग्रामीणों ने सरकार से जल्द दस गाँवो को बागेश्वर में नही मिलाए जाने पर पुनः आंदोलन कर आगामी चुनावों में चुनाव बहिष्कार करने की चेतावनी दी है।

## रीक्षा तनाव प्रबंधन कार्यशाला संपन्न

वेलकम इंडिया/संदीप तिवारी




**वाराणसी मिजार्मुराद।** निःशुल्क परीक्षा तनाव प्रबंधन कार्यशाला का आयोजन ग्रामीण क्षेत्र के भट्ठी, लोहता, वाराणसी में पहल मनोचिकित्सा व परामर्श केंद्र द्वारा आयोजित किया गया जिसमें विशेषज्ञ वक्ता के रूप में बोलते हुए मनोचिकित्सक डॉ मनोज कुमार तिवारी वरिष्ठ परामर्शदाता, एआरटीसी, एसएस हॉस्पिटल, आईएमएस, बीएचयू ने कहा कि छात्रों को अभी परीक्षा की तैयारी पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए कि वे बचे हुए समय का कैसे सर्वोत्तम उपयोग कर सकते हैं उन्होंने कहा कि समय सारिणी बनाकर तैयारी करें, दिनचर्या नियमित रखें, संतुलित एवं पौष्टिक आहार लें, 6 -7 घंटे गुणवत्तापूर्ण नींद लें, अध्ययन करते समय प्रत्येक घंटे पर 5 मिनट का विश्राम लें, लिखकर अभ्यास करें, तनाव हो तो अपने अभिभावक व शिक्षक से बात करें, थोडा समय खेल व मनोरंजन के लिए निकालें, नकारात्मक बातों तथा परीक्षा के परिणाम के बारे में न सोचें। बलिया के वरिष्ठ प्रवक्ता

विज्ञान डॉ अभय प्रताप सिंह ने छात्रों से कहा कि आपको सिर्फ सकारात्मक रूप से तैयारी के बारे में सोचना चाहिए। परीक्षा हाल में सिर्फ लिखने के बारे में सोचें और समय का ध्यान रखें। वरिष्ठ अध्यापक श्री राकेश दुबे ने कहा कि इस समय छात्रों को अधिक से अधिक मेहनत करके पूरे पाठ्यक्रम की तैयारी करना चाहिए और समय सीमा के अंदर प्रश्न पत्र को हल करने का अभ्यास करना चाहिए। मनीष कुमार पांडेय योग प्रशिक्षक, स्वामी विवेकानंद राजकीय चिकित्सालय भेलूपुर ने छात्रों को परीक्षा तनाव को नियंत्रित करने हेतु आसान योगासनों का अभ्यास कराया ताकि छात्र परीक्षा तनाव के नकारात्मक प्रभाव से बच सकें। कार्यक्रम में मुख्य रूप से विंध्याचल चौबे, वंदना तिवारी प्रज्ञा सिंह, विशेष तिवारी, गौरव पांडेय, शिवम तथा बडी संख्या में विभिन्न कॉलेज के छात्र व छात्राओं कार्यशाला में सहभागिता कर प्रश्न पूछकर समस्या का समाधान प्राप्त किया।

## बसपा ने पांचों विधानसभाओं में फूंका चुनावी बिगुल मिशन 2027 के लिए कार्यकर्ताओं को सौंपी जिम्मेदारी



वेलकम इंडिया

**शोहरतगढ़/सिद्धार्थनगर।** बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री कु0 मायावती के दिशा निर्देश पर जनपद के पांचों विधानसभा में रविवार को कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यकर्ता सम्मेलन मे बसपा के कार्यकताओं को जिम्मेदारी सौपी गयी है। उक्त बातें बसपा जिलाध्यक्ष दिनेश चन्द्र गौतम ने कहीं।

शोहरतगढ विधानसभा में बसपा कार्यकर्ता सम्मेलन मे मुख्य अतिथि दिनेश चन्द्र गौतम, कपिलवस्तु विधानसभा में मुख्य अतिथि मण्डल प्रभारी राजकुमार आर्य, बांसी विधानसभा में मुख्य अतिथि मण्डल प्रभारी बस्ती मण्डल के0के0 गौतम, इटवा विधानसभा में मुख्य अतिथि मण्डल प्रभारी इन्द्रजीत गौतम, डूमरियागंज विधानसभा में मुख्य अतिथि मण्डल प्रभारी बस्ती मण्डल उदयभान गौतम रहें। बसपा जिलाध्यक्ष दिनेश चन्द्र गौतम ने बताया कि बैठक में कार्यकर्ताओ को गांव-गांव जाकर बसपा सरकार में किये गये जनकल्याणकारी योजनाओं को जनता तक पहुंचाने की जिम्मेदारी सौंपी गई। बैठक में मुख्य रूप से पूर्व जिला महासचिव शमीम अहमद, जिला उपाध्यक्ष प्रेम मिलन शुक्ला, महासचिव संजय शर्मा, जिला कोषाध्यक्ष जहूर खां, प्रिन्स अम्बेडकर, विधानसभा प्रभारी हीरालाल कुरिल, विजयपाल कन्नौजिया, मन्टू गौतम, राधेश्याम गौतम, रामपाल गौतम, मनोज कुमार गौतम, वीरू पासवान, अंगद राज गौतम, अलीम खां, रफीक अहमद, खुर्शीद अहमद, शहंशाह शलमानी, दिनेश चौधरी, विशाल चौधरी सहित अन्य जिम्मेदार कार्यकर्ता व पदाधिकारी मौजूद रहें।

## हापुड़ बाईपास पर किसान नेताओं का जोरदार स्वागत

वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह



**हापुड़।** राष्ट्रीय किसान यूनियन संघर्ष एवं राजनीतिक संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष सरनजीत सिंह गुर्जर का हापुड़ बाईपास पर मुरादनगर में आयोजित किसान पंचायत में जाते समय कार्यकताओं द्वारा जोरदार स्वागत किया गया।

इस अवसर पर संगठन के उत्तर प्रदेश उपाध्यक्ष एजाज कुरैशी तथा उत्तर प्रदेश अध्यक्ष पदम सिंह के नेतृत्व में बड़ी संख्या में पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रीय अध्यक्ष सरनजीत सिंह गुर्जर ने कार्यकताओं को संबोधित करते हुए संगठन की मजबूती पर जोर दिया।

उन्होंने कहा कि सभी पदाधिकारियों और कार्यकताओं को एकजुट होकर चलना होगा तथा संगठन को मजबूत बनाने के लिए निरंतर कार्य करना होगा। साथ ही उन्होंने विपक्षी दलों के विरुद्ध मजबूती से खड़े रहने की अपील भी की। वहीं संगठन के प्रदेश अध्यक्ष पदम सिंह और उपाध्यक्ष आजाद कृषि ने आश्वासन देते हुए कहा कि वे पार्टी को मजबूत करने और संगठन हित में लगातार कार्य करते रहेंगे। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता ही संगठन की असली ताकत हैं और सभी मिलकर संगठन को नई ऊंचाइयों तक ले जाएंगे।

स्वागत करने वालों में पश्चिम उत्तर प्रदेश अध्यक्ष पदम सिंह जाटव, पश्चिमी उत्तर प्रदेश उपाध्यक्ष एजाज कुरैशी सहित भारतीय किसान यूनियन संघर्ष के समस्त पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## राजकीय भारतीय इण्टर कॉलेज के सामने बनना था अन्त्येष्टि स्थल

वेलकम इंडिया



**मथुरा।** ग्राम पंचायत अड़ींग में 25 जून को 10 लाख रुपए की राशि निकाल ली गई लेकिन अन्त्येष्टि स्थल पर काम मात्र 6.37 लाख का ही कराया गया। विभागीय मूल्यांकन आख्या में इस बात का खुलासा होने पर ग्राम प्रधान द्वारा रविवार को आनन- फानन में पुनः काम शुरू कराया गया। पोखर में बन रहे अन्त्येष्टि स्थल की पूरी धनराशि पहले ही निकाल ली गई और काम अभी तक बाकी है।

निवर्तमान सचिव के कार्यकाल में राजकीय भारतीय इण्टर कालेज के सामने 10 लाख रुपए में मुख्यमंत्री पंचायत प्रोत्साहन पुरस्कार योजना के मद से अन्त्येष्टि स्थल का निर्माण कार्य शुरू हुआ। उक्त कार्य की संपूर्ण राशि 25 जून 2025 को ही निकाल ली गई। इस बीच विभागीय तकनीकी टीम द्वारा उक्त कार्य का निरीक्षण किया गया। 6 अक्टूबर 2025 की निरीक्षण आख्या में जिला पंचायत राज अधिकारी को रिपोर्ट भेजी गई कि मौके पर 12 मीटर की बजाय 6-6 मीटर के दो अन्त्येष्टि स्थल बने हैं। पहले स्थल पर करीब 3.12 लाख एवं दूसरे पर 3.25 लाख का परिव्यय आंका गया। 10 लाख रुपए निकाल कर मात्र 6.37 लाख का काम कराया गया।

### घपलों पर पर्दा डाल रहे अफसर

मथुरा। अड़ींग पंचायत में घपलों पर सरकारी मातहत ही लम्बे समय से पर्दा डाल रहे हैं। लोक आयुक्त सृतर की जांच में भी जिला स्तरीय अफसरों ने दीपा पोती ही की। ग्रामीणों ने साक्ष्यों के साथ अफसरों की जांच रिपोर्ट को क्वैश करते हुए जबाव भेजा है। आयुक्त ने 5 जनवरी तक जबाव मांगा था। इधर अन्त्येष्टि स्थल के नये घपले में डी पी आर ओ ने कोई कार्रवाई प्रधान के खिलाफ नहीं की है जबकि विभागीय जांच में गत अक्टूबर 2025 में ही रिपोर्ट उनको भेजी जा चुकी है।

# गोवंश सुरक्षा को लेकर देशव्यापी गौ सम्मान आह्वान अभियान

## 27 अप्रैल को देशभर में गौसेवक तहसीलों पर सौंपेंगे ज्ञापन

वेलकम इंडिया



**मथुरा/गोवर्धन।** गोवंश की सुरक्षा, गौ माता को राष्ट्र माता का दर्जा दिलाने एवं भारत भूमि को पूर्णतया गोवध जैसे महापाप से मुक्त कराने के उद्देश्य से संत समाज, रसिकों, गौ भक्तों एवं गौ सेवकों द्वारा पूरे देश में ह्यगौ सम्मान आह्वान अभियानह्न चलाया जा रहा है।

अभियान से गौसेवकों ने कहा कि यदि शीघ्र ठोस एवं प्रभावी निर्णय नहीं लिए गए तो वर्ष 2036 तक भारत गोवंश रहित हो जाएगा, जो राष्ट्र के सांस्कृतिक, सामाजिक और पर्यावरणीय संतुलन के लिए अत्यंत गंभीर संकट होगा।

इस गंभीर स्थिति को देखते हुए संत समाज एवं गौ सेवकों ने अहिंसक एवं संवैधानिक दायरे में राष्ट्रव्यापी अभियान चलाने का निर्णय लिया है। अभियान के अंतर्गत 27 अप्रैल से देशभर की प्रत्येक तहसील पर गौ भक्त तहसीलदार कार्यालय पहुंचकर गोहत्या पर पूर्ण प्रतिबंध तथा गौ माता को सम्मानजनक राष्ट्रीय दर्जा दिए जाने की मांग को लेकर राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री एवं राज्यपाल के नाम प्रार्थना पत्र सौंपेंगे।

इसी क्रम में आज श्री नंदिनी गौ चिकित्सालय, गांठौली में गौ भक्तों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक छत्तीसगढ़ से ब्रज क्षेत्र प्रभारी श्यामा दीदी के सानिध्य में संपन्न हुई। बैठक में गोवर्धन क्षेत्र एवं आसपास के विभिन्न गांवों से आए गौ सेवकों ने भाग लिया और अभियान को पूर्ण समर्थन देने की घोषणा की। बैठक में उपस्थित गौ सेवकों ने कहा कि गौ रक्षा केवल आस्था का विषय नहीं, बल्कि यह राष्ट्र, समाज और भावी पीढ़ियों के भविष्य से जुड़ा हुआ प्रश्न है। सभी ने एकजुट होकर इस अभियान को जन-जन तक पहुंचाने और इसे सफल बनाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर श्रेयस हिन्दू, डॉ हेमंत यादव, राम, गोपाल, विष्णु, दीपक एवं अन्य गौ सेवक मौजूद रहे।

## गैंगेस्टर एक्ट के मामले में वांछित इनामिया अभियुक्त गिरफ्तार

**संतकबीरनगर।** पुलिस अधीक्षक संदीप कुमार मीना के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार सिंह के मार्गदर्शन व क्षेत्राधिकारी खलीलाबाद अमित कुमार के पर्यवेक्षण में जनपद संतकबीरनगर मे अपराध एवं अपराधियो के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में प्रभारी निरीक्षक थाना दुधारा अरविन्द शर्मा के नेतृत्व मे उ0नि0 शोभनाथ, उ0नि0 सचिन्द्र नाथ राय, हे0का0 प्रदीप सिंह विशेन, हे0का0 अरूण प्रजापति, का0 भीम कुमार, का0 आनन्द कुमार पटेल ने थाना कोतवाली खलीलाबाद पर मु0अ0सं0 794/2025 धारा 2()()/3(1) यूपी गैंगेस्टर एक्ट से सम्बन्धित 15,000 रु0 के ईनामियां वांछित अभियुक्त राजपाल प्रजापति पुत्र रामजी प्रजापति निवासी जगतबेला थाना चिलुआताल जनपद गोरखपुर को छपिया छितौना रोड़ के पास से गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया।

# मेहदावल विधानसभा में बसपा कार्यकर्ताओं का हुआ सम्मेलन

वेलकम इंडिया



**संतकबीरनगर।** मेहदावल विधानसभा के नगर पंचायत मेहदावल कस्बे में स्थित तिलकधारी डिग्री कॉलेज में कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित हुआ। इस दौरान मायावती का जन्मदिन मनाने की चर्चा हुई। कार्यकताओं ने 2027 में पार्टी को सत्ता में लाने का संकल्प लिया। पूर्व प्रत्याशी पर ऐप पर पढ़ें बसपा सरकार की उपलब्धियों का जिक्र किया। मुख्य अतिथि के रूप में अवनीश कुमार मंडल जोन प्रभारी बस्ती में कहा कि बसपा का विधानसभा स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित किया गया।

इस दौरान बसपा राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती का जन्मदिन मनाए जाने पर चर्चा हुई। कार्यकताओं ने वर्ष 2027 में पार्टी को सत्ता में वापस लाने का संकल्प लिया। खलीलाबाद के पूर्व विधायक भगवान दास ने कहा कि बसपा के शासनकाल में सभी वर्गों का समान रूप से विकास हुआ। बसपा सरकार ने दलित, पिछड़े और कमजोर वर्गों के लिए कई ऐतिहासिक कार्य किए।

कार्यक्रम के अध्यक्षता कर रहे भगवान दासपूर्व विधायक खलीलाबाद, विशिष्ट अतिथिके रूप में मेहदावल के पूर्व विधायक ताबिश खान, अभिषेक कुमार जिला सचिव, राधेश्याम भारती जिला कार्यकारी सदस्य, अब्दुल जब्बार मुस्लिम भाईचारा मंडल प्रभारी व पूर्व जिला पंचायत सदस्य, जितेंद्र कुमार विधानसभा प्रभारी भागवत कनौजिया पन्नालाल वर्मा संतोष कुमार दीपक कुमार मुस्लिम भाईचारा संयोजक संदीप कुमार पिछड़ा भाईचारा संयोजक, राजेंद्र रूपरेखा तय करने वाले युवा नेता दीपक निषाद भावी उम्मीदवार वार्ड नंबर 2 जिला पंचायत सदस्य, राजेश्वर यादव भावु उम्मीदवार जिला पंचायत सदस्य पद के प्रत्याशी वार्ड नंबर 1, आजाद अली वार्ड नंबर 1 के भावी जिला पंचायत सदस्य पद के प्रत्याशी, राम अजोर विधानसभा सचिव, त्रिजुआनंद गौतम पूर्व विधानसभा अध्यक्ष ग्राम प्रधान परसा शुक्ला, राजकुमार ग्राम प्रधान प्रतिनिधि परसा माफी, अवधेश प्रधान, जिला पंचायत सदस्य वार्ड नंबर 2 राधेश्याम यादव यदि लोग मौजूद रहे।

## सार संक्षेप

### घर में घुसकर महिला से मारपीट का आरोप

**कांधला।** कस्बे के मोहल्ला खेल निवासी एक महिला ने अपने ही देवर पर घर में घुसकर मारपीट करने का गंभीर आरोप लगाया है। पीड़िता ने थाने पर तहरीर देकर आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है। मोहल्ला खेल निवासी राबिया पत्नी नसीम ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि उसका देवर खालिक उससे पूर्व से ही रंजिश रखता है। आरोप है कि इसी रंजिश के चलते रविवार को करीब 11 बजे खालिक अचानक उसके घर में घुस आया और बिना किसी कारण के गाली-गलौज करने लगा। पीड़िता ने जब इसका विरोध किया और उसे ऐसा करने से रोका तो आरोपी ने उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। पीड़िता का आरोप है कि मारपीट के दौरान उसे गंभीर चोटें आईं। शोर शराबा सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे, जिसके बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गया। घटना के बाद परिजनों ने घायल महिला को संभाला और उसे थाने ले जाकर पूरे घटनाक्रम से पुलिस को अवगत कराया। पीड़िता ने पुलिस से आरोपी के खिलाफ कठोर कार्रवाई किए जाने की मांग की है, ताकि भविष्य में इस तरह की घटना की पुनरावृत्ति न हो सके। मामले में कार्यवाहक थाना प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार ने बताया कि पीड़िता की तहरीर प्राप्त हो गई है। तहरीर के आधार पर मामले की निष्पक्ष जांच की जा रही है। जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे, उनके आधार पर आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### एलम में दो ट्रांसफार्मरों से कीमती सामान और तेल चोरी



**कांधला।** थाना क्षेत्र में विद्युत चोरी की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं। चोर बेखौफ होकर लगातार बिजली विभाग को निशाना बना रहे हैं, जिससे विभाग को भारी आर्थिक नुकसान के साथ-साथ विद्युत आपूर्ति भी प्रभावित हो रही है। चोरों ने एक सप्ताह पूर्व हाईटेंशन लाइन से लंबी दूरी का तार चोरी किए जाने के साथ ही ट्रांसफार्मरों को क्षतिग्रस्त कर उनमें से कीमती सामान व तेल चोरी कर लिया गया था, अब चोरों ने दो ट्रांसफार्मरों से कीमती सामान और तेल चोरी कर फरार हो गए। कस्बा एलम स्थित बिजली घर पर तैनात अवर अभियंता सुरेंद्र कुमार ने थाने पर दी गई तहरीर में बताया कि कुछ दिन पूर्व अज्ञात चोरों ने कनियान मार्ग पर स्थित हाईटेंशन लाइन से करीब 1770 मीटर तार चोरी कर लिया था। अभी इस घटना को एक सप्ताह भी नहीं बीता था कि चोरों ने दूसरी वारदात को अंजाम दे दिया। रेलवे लाइन के किनारे स्थित खेत में लगे दो ट्रांसफार्मरों को क्षतिग्रस्त कर उनमें से कीमती सामान व तेल चोरी कर लिया गया। घटना की जानकारी मिलने पर बिजली विभाग में हड़कंप मच गया।मामले को लेकर अवर अभियंता सुरेंद्र कुमार ने अज्ञात चोरों के खिलाफ थाने पर तहरीर देकर सख्त कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने तहरीर के आधार चोरों की तलाश शुरू कर दी है। कार्यवाहक थाना प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार का कहना है कि विद्युत विभाग के अवर अभियंता की तहरीर मिली है। शीघ्र ही चोरों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया जाएगा।

### मामूली विवाद में पड़ोसियों ने मां-बेटे को पीटा, दोनों घायल



**कांधला।** थाना क्षेत्र के गांव जसाला में रविवार को मामूली विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हो गई। आरोप है कि पड़ोस के कई लोगों ने मिलकर एक महिला और उसके बेटे पर लाठी-डंडों से हमला कर उन्हें गंभीर रूप से घायल कर दिया।गांव जसाला निवासी महिला बालेश पत्नी मुकेश ने बताया कि पड़ोसियों से उनकी पुरानी रंजिश चली आ रही है। इसी रंजिश के चलते आरोपी आए दिन उनके साथ छींटाकशी करते रहते हैं। रविवार को जब वह अपने घर के बाहर सफाई कर रही थी, तभी आरोपियों ने गाली-गलौज शुरू कर दी।महिला के पुत्र विपिन द्वारा विरोध करने पर आरोपी और उग्र हो गए और उन्होंने लाठी-डंडों से हमला कर दिया, जिससे मां-बेटा दोनों घायल हो गए। आसपास के लोगों ने किसी तरह बीच-बचाव कर मामला शांत कराया।घायलों ने उपचार के बाद थाने पहुंचकर आरोपियों के खिलाफ तहरीर दी है। पुलिस ने मामले की जांच की जा रही है और जांच के बाद आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

# वार्षिक शैक्षणिक प्रदर्शन एवं दस्तार-ए-आलिमियत कार्यक्रम संपन्न हुआ

वेलकम इंडिया



**संतकबीरनगर।** मदरसा शाकिरा लिलबनात धुबहा, मेहंदावल के तत्वावधान में तृतीय वार्षिक शैक्षणिक प्रदर्शन एवं दस्तार-ए-आलिमियत कार्यक्रम अत्यंत सफलता, अनुशासन एवं आध्यात्मिक वातावरण के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम में छात्राओं ने अपनी धार्मिक एवं शैक्षणिक प्रतिभाओं का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया, जिसे उपस्थित जनसमूह ने खूब सराहा। इस अवसर पर मदरसे से फारिग होने वाली छात्राओं की गरिमामयी दस्तारबंदी भी की गई।

मदरसे से स्नातक होने वाली छात्राओं में तैयबा अब्दुल माबूद शाकरी, आयशा हबीबुर्रहमान शाकरी, अंजुम फैयाज अहमद शाकरी एवं मरयम अब्दुत्तवाब शाकरी शामिल रहीं, जिनकी दस्तारबंदी सम्मानित अतिथियों के कर-कमलों द्वारा संपन्न हुई।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कारी नईम फरकानी ने की, जबकि मुख्य अतिथि मौलाना अबुलवफा नदवी ने अपने संबोधन में कहा कि धार्मिक शिक्षा बालिकाओं के चरित्र, लज्जा एवं सामाजिक स्थिरता की मजबूत नींव है।

इस अवसर पर मुहम्मद अहमद (जिला पंचायत सदस्य एवं संभावित विधानसभा क्षेत्र प्रत्याशी) ने अपने विशेष संबोधन में कहा कि

ह्लकिसी भी कौम की तरक्की का वास्तविक मार्ग शिक्षा से होकर जाता है, और जब शिक्षा धार्मिक एवं नैतिक मूल्यों पर आधारित हो तो वह समाज को शांति, चेतना और सुदृढ़ चरित्र प्रदान करती है। मदरसा शाकिरा लिलबनात जैसी संस्थाएं बालिकाओं को सम्मानपूर्ण जीवन एवं उज्ज्वल भविष्य की दिशा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। हम सभी को बालिकाओं की शिक्षा के लिए आगे बढ़कर सहयोग करना चाहिए।

## नाबालिग को बहला फुसलाकर भगा ले जाने के मामले में वाँछित अभियुक्त गिरफ्तार

**संतकबीरनगर।** पुलिस अधीक्षक संदीप कुमार मीना के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार सिंह के मार्गदर्शन व क्षेत्राधिकारी खलीलाबाद अमित कुमार के पर्यवेक्षण में जनपद संतकबीरनगर मे अपराध एवं अपराधियो के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना दुधारा उ0नि0 रामसूरत प्रसाद, हे0का0 रामविनय यादव ने रविवार

को थाना दुधारा पर पंजीकृत मु0अ0सं0 30/2026 धारा 87,137(2),351(3),115(2), 352 बीएनएस व 7/8 पाक्सो एक्ट से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त जितेन्द्र चौहान पुत्र राजाराम निवासी केकरहो टोला रेहरवा थाना दुधारा टेमी मोड के पास से गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया। विदित हो कि वादिनी द्वारा दिनाँक 28.01.2026 को थाना दुधारा पर उक्त अभियुक्त के विरुद्ध वादिनी की नाबालिग पुत्री को बहला फुसलाकर भगा ले जाने के मामले में प्रार्थना पत्र देकर अभियोग पंजीकृत कराया गया था।

# उधार के रुपये मांगने पर दुकानदार से मारपीट, थाने पर शिकायत

वेलकम इंडिया



**कांधला। (मोहसिन रहमानी)** कस्बे के नई बस्ती मोहल्ला निवासी फुरकान पुत्र मांगा ने रविवार को थाने पर तहरीर देकर पड़ोसी पर उधार के रुपये मांगने पर मारपीट करने का आरोप लगाया है। पीड़ित ने पुलिस से मामले में कार्रवाई की मांग की है।

तहरीर में फुरकान ने बताया कि वह कस्बे में कपड़े की दुकान करता है। आरोप है कि उसके पड़ोसी सलीम पुत्र जानू ने कुछ समय पूर्व उससे 72 हजार 250 रुपये का कपड़ा उधार लिया था। कई बार रुपये मांगने के बावजूद आरोपी टालमटोल करता रहा। रविवार को जब पीड़ित अपने रुपये मांगने आरोपी के घर पहुंचा तो इस बात को लेकर कहासुनी हो गई। आरोप है कि इसी दौरान सलीम ने अपने परिवार के कई लोगों के साथ मिलकर फुरकान के साथ मारपीट कर दी। शोर शराबा होने पर आसपास के लोगों ने मौके पर पहुंचकर बीच-बचाव किया और मामला शांत कराया। घटना के बाद पीड़ित थाने पहुंचा और पूरे घटनाक्रम से अवगत कराते हुए तहरीर सौंपी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है। इस संबंध में कार्यवाहक थाना प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार का कहना है कि पीड़ित की तहरीर प्राप्त हुई है। मामले की निष्पक्ष जांच कराई जा रही है और जांच के आधार पर आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# वीडियो वायरल कर युवक ने की आत्महत्या, परिजनों में कोहराम

वेलकम इंडिया



**कांधला। (मोहसिन रहमानी)** थाना क्षेत्र के गांव मलकपुर में एक युवक द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या किए जाने की घटना से पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई। युवक ने आत्महत्या से पहले एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल किया था, जिसमें उसने कैराना निवासी दो सगी बहनों और उनके माता-पिता पर लगातार मानसिक रूप से प्रताड़ित करने और झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी देने जैसे गंभीर आरोप लगाए हैं। युवक की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया है और गांव में शोक की लहर व्याप्त है।

गांव मलकपुर निवासी 32 वर्षीय जुनैद पुत्र शराफत ने शनिवार को एक वीडियो वायरल करते हुए अपनी पीड़ा बयां की थी। वीडियो में युवक ने बताया कि कैराना निवासी दो सगी बहनें और उनके माता-पिता उसे लंबे समय से परेशान कर रहे थे। आरोप है कि दोनों बहनें और उनके माता-पिता बार-बार पुलिस कार्रवाई कराने की धमकी देते थे, जिससे वह मानसिक तनाव और भय के साये में जी रहा था। युवक ने वीडियो में यह भी कहा कि वह लगातार दबाव में था और इससे उबर नहीं पा रहा था। बताया गया कि इसी मानसिक प्रताड़ना से आहत होकर जुनैद ने शनिवार को फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। घटना की सूचना मिलते ही थाना पुलिस मौके पर पहुंची और पुलिस ने मृतक के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। रविवार को पोस्टमार्टम के बाद जब मृतक का शव गांव पहुंचा तो परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। गमगीन माहौल में मृतक को सुपुर्द-ए-खाक किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण, रिश्तेदार और परिचित मौजूद रहे। हर आंख नम थी और हर जुबान पर यही सवाल था कि आखिर एक युवक को इतना मजबूर क्यों होना पड़ा। पीड़ित परिजनों का कहना है कि जुनैद बेहद सीधा-सादा और मेहनती युवक था, लेकिन लगातार मिल रही धमकियों और मानसिक दबाव के कारण वह अंदर ही अंदर टूट चुका था।

# अर्चित लोहुमी ने लगातार तीसरी बार पास की यूजीसी नेट परीक्षा पास

वेलकम इंडिया



**बागेश्वर।** अगर कुछ कर दिखाने का जज्बा हो व बचपन से उचित संस्कार व मार्गदर्शन मिले तो निश्चित सफलता मिलती है। यह बात जिले के गरुड़ के भेंटा गांव के मूल निवासी व वर्तमान मे बागेश्वर निवासी अर्चित लोहुमी ने चरितार्थ कर दिखाया है। उन्होंने अपनी लगन और कठिन मेहनत से अंग्रेजी विषय से यूजीसी नेट परीक्षा लगातार तीसरी बार पास कर उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। उनकी इस उपलब्धि पर जनपद में खुशी की लहर व्याप्त है।बागेश्वर निवासी अर्चित लोहुमी ने 99.85 पर्सेंटाइल स्कोर के साथ यह परीक्षा उत्तीर्ण की है साथ ही उन्हें जूनियर रिसर्च फैलोशिप भी मिली है। अर्चित लोहुमी ने हिमालयन सेंट्रल स्कूल से प्रारम्भिक शिक्षा प्राप्त करने के बाद इंटरमीडिएट परीक्षा महर्षि विद्या मंदिर बिलौना से टाप मैरिट से पास की। इसके बाद दिल्ली विश्वविद्यालय से अंग्रेजी आनर्स मैं टापर रहने के पश्चात किरोडीमल कालेज से मास्टर डिग्री प्राप्त की। वर्तमान मे वे दिल्ली विश्वविद्यालय से शोध कर रहे हैं। अर्चित के पिता हेम चंद्र लोहुमी पेशे से राजकीय शिक्षक हैं व माता श्रीमती प्रभा लोहुमी हिमालयन सेंटल स्कूल में प्रबंधन समिति की सदस्य हैं। अर्चित ने इस सफलता का श्रेय माता पिता समेत अपनी दादी एवं दिवंगत दादा जी व गुरुजनों को दिया है। उन्होंने कहा कि यदि घर से सही संस्कार एवं मार्गदर्शन मिलें व बच्चों के मन में ललक हो तो सफलता कदम चूमती हैं। उनकी इस उपलब्धि पर विद्यायक पार्वती दास व सुरेश गढ़िया, पूर्व विधायक ललित फर्श्वाण, भाजपा प्रदेश महामंत्री कुंदन परिहार, भाजपा जिला महामंत्री संजय परिहार, जिला शिक्षा अधिकारी विनय कुमार, सामाजिक कार्यकर्ता नैना लोहुमी, जिला पंचायत सदस्य जनार्जन लोहुमी समेत परिवारजनों आदि ने बधाइयाँ दी हैं।

# केंद्रीय बजट देश एवं प्रदेश के विकास को गति देने वाला : विजयलक्ष्मी गौतम

वेलकम इंडिया




**संतकबीरनगर।** राज्यमंत्री ग्राम्य विकास विभाग एवं समग्र ग्राम्य विकास, ग्रामीण अभियंत्रण विभाग, उ0प्र0 शासन एवं जनपद की प्रभारी मंत्री विजयलक्ष्मी गौतम ने केंद्रीय बजट वित्त वर्ष 2026-27 पर जनपद के प्रिंट/इलेक्ट्रानिक मीडिया बंधुओं के साथ कलेक्ट्रेट सभागार में प्रेस-वार्ता की गई। इस अवसर पर विधायक खलीलाबाद अंकुर राज तिवारी, विधायक मेहदावल अनिल कुमार त्रिपाठी, विधायक धनघटा गणेश चंद्र चौहान, एमएलसी प्रतिनिधि ई0 सुधांशु सिंह, पुलिस अधीक्षक संदीप कुमार मीना, अपर जिलाधिकारी (वित्त व राजस्व) जयप्रकाश व मुख्य विकास अधिकारी जयकेश त्रिपाठी उपस्थित रहे।

प्रभारी मंत्री ने प्रेस-वार्ता के दौरान केंद्रीय बजट वित्त वर्ष 2026-27 के संबंध में मीडिया को विस्तृत रूप से अवगत कराते हुए देश एवं प्रदेश के विकास को गति देने वाले केंद्रीय बजट के महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा की।

उन्होंने मीडिया से मुखातिब होते हुए कहा कि वित्त वर्ष 2026-27 का केंद्रीय बजट कर्तव्य भवन से प्रस्तुत किया जाने वाला पहला बजट मोदी सरकार की उस स्पष्ट दृष्टि से प्रेरित है जिसमें दुविधा के स्थान पर निर्णय, शब्दाडंबर के स्थान पर सुधार, तथा लोकलुभावन के स्थान पर जन-कल्याण को प्रधानता दी गई है। उन्होंने कहा कि आत्मनिर्भरता को ध्रुवतारा मानते हुए यह बजट संरचनात्मक सुधारों, राजकोषीय संयम और सतत लोक निवेश पर केंद्रित है, तथा यह सुनिश्चित करता है कि प्रत्येक शासकीय पहल का प्रत्यक्ष लाभ नागरिकों तक रोजगार सृजन, कृषि उत्पादकता, परिवारों की क्रय-शक्ति, और सार्वभौमिक सेवाओं के रूप में पहुँचे।

उन्होंने बताया कि विकसित भारत युवा नेतृत्व संवाद 2026 से प्रेरित यह एक विशिष्ट युवा-शक्ति प्रेरित बजट है। यह बजट तीन कर्तव्यों पर आधारित है जिसमें उत्पादकता और प्रतिस्पर्धात्मकता बढ़ाकर तथा वैश्विक अस्थिरताओं के बीच अर्थव्यवस्था को मजबूत करके वृद्धि को तीव्र और सतत बनाना, जन-आकांक्षाओं की पूर्ति करते हुए उनकी क्षमता निर्माण करना, ताकि वे भारत की समृद्धि-यात्रा के सशक्त सहभागी बनें तथा आर्टिफीसियल इंटेलिजेंस सहित उन्नत प्रौद्योगिकियों का विकास और उपयोग कर सुशासन को अधिक प्रभावी बनाना। उन्होंने कहा कि ये कर्तव्य सुनिश्चित करेंगे कि प्रत्येक परिवार, समुदाय, क्षेत्र और क्षेत्रक (सेक्टर) को संसाधन, सुविधाएँ और अवसर सुलभ हों।

उन्होंने वित्त वर्ष 2026-27 का केंद्रीय बजट की विशेषताओं एवं सेक्टर वार उपयोगिता को बताते हुए कहा कि इस बजट में ररिफार्म एक्सप्रेसर (विकसित भारत@2047 का रोडमैप), निरंतर आर्थिक वृद्धि एवं राजकोषीय समेकन, मध्यम वर्ग को सशक्त बनाना, भारत की वृद्धि हेतु कुशल मानव बल का निर्माण, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के माध्यम से युवा शक्ति का सशक्तिकरण, सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों की क्षमता का पूर्ण उपयोग, वृहद एवं तीव्र गति से विनिर्माण विस्तार, आधारभूत संरचना आधारित दीर्घकालिक वृद्धि, निर्यात को सतत गति देकर वैश्विक नेतृत्व की ओर, पूर्वोदय के माध्यम से पूर्वी भारत का सशक्तिकरण, ग्रामीण भारत की जीवन रेखाओं का पुनर्जीवन, भारतीय नगर 'वृद्धि-संयोजक' के रूप में, भारत के सेमीकंडक्टर इकोसिस्टम का सुदृढ़ीकरण, अन्नदाताओं का समग्र कल्याण, भारत की विकास यात्रा में नारी का नेतृत्व, अमृत काल का साकार रूप (सर्व समाज हेतु सामाजिक न्याय एवं कल्याण 'सबका साथ सबका विकास', जलवायु-अनुकूल एवं ऊर्जा आत्मनिर्भरता के प्रति मोदी सरकार की प्रतिबद्धता व धरोहर, पर्यटन एवं वन्यजीव संरक्षण सहित देश एवं प्रदेश के चहुंमुखी विकास के दृष्टिगत समस्त बिंदुओं को सम्मिलित किया गया है।

# आरपीएफ तथा एसएसई/ टीआरडी के नेतृत्व मे वाराणसी स्टेशन सहित आसपास के क्षेत्र में चलाया गया जागरूकता अभियान

(संतोष कुमार सिंह)



**वाराणसी** :- उप निरीक्षक शैलेंद्र कुमार हमराह कांस्टेबल मिठाईलाल आरपीएफ वाराणसी तथा एसएसई/ टीआरडी वाराणसी संजय कुमार के नेतृत्व में सीनियर टेक्नीशियन जितेंद्र कुमार व स्टाफ द्वारा संयुक्त रूप से स्टेशन वाराणसी यार्ड परिसर अंधरापुल,चौकाघाट, ढ़ेलवरिया एरिया में जागरूकता अभियान चलाया गया जिसमें रेलवे लाइन के किनारे बसे लोगों,राहगीरों व बच्चों, महिलाओं को रेलवे लाइन पर ना आने तथा रेल लाइन क्रॉस ना करने की हिदायत दी गई लाइन के किनारे पतंग बाजी न करने एवम्-आने जाने वाली ट्रेनों पर पत्थर न मारने बाबत समझाया गया तथा परिजनों तथा उनके बच्चों को पतंग उड़ाने से रेलवे लाइन के ऊपर हाईवोल्टेज तार जिसमें 25000 वोल्ट की बिजली होने तथा फंस जाने पर ट्रेन की पिंटो में उलझ जाता है तथा उसके दुष्परिणाम से रेल तथा जनमानस की हानि के बाबत जागरूक किया गया ट्रेनों पर पत्थर मारने से ट्रेन ड्राइवर व गार्ड जो ट्रेनों के परिचालन का कार्य करते हैं तथा यात्रियों को चोट लगने की प्रबल संभावना रहती है तथा रेल संपत्ति को भारी नुकसान होने के बारे में जागरूकता अभियान चलाया गया एवं उन्हें स्पष्ट रूप से बताया गया कि यदि कोई ऐसा कार्य करता है तो वह कानूनी रूप से दण्डनात्मक है यदि कोई ऐसा कार्य करता है तो उसको तुरंत रोके तथा उसके बारे में सूचना रेलवे सुरक्षा बल वाराणसी को दें सूचना देने वाले का नाम गोपनीय रखा जाएगा ताकि ऐसे शरारती तत्वों के खिलाफ कार्यवाही की जा सके और होने वाले नुकसान से रेल तथा जनमानस को बचाया जा सके।

## कांवड यात्रा को लेकर थाना नरसेना प्रांगण में शांति समिति की बैठक का आयोजन

**बुगरासी**। रविवार को थाना नरसेना में कांवड यात्रा को शांती पूर्वक कराने व क्षेत्र में बढती चोरियों पर अंकुश लगाने के लिये मौजूद लोगों से सहयोग की अपील की। एसओ नरसेना रामकिशोर गौतम ने अपने संबोधन में कहा कि जनता ही पुलिस के आंख कान होती है।इसलिए आपकी सेवा में सदैव तत्पर रहूंगा।कही भी आपको संदिग्ध व्यक्ति दिखाई देता है फौरन पुलिस को फोन कीजिए 10 मिनट में पुलिस मौके पर होगी।कांवड यात्रा में कही बाधा या परेशानी हो तो बताईये फौरन निस्तारण किया जायेगा।गांव किसी में आपपसी विवाद हो तो उसको भी मिल बैठकर निपटाया जा सकता है। फिलहाल शिवरात्रि कांवड यात्रा पर प्रमुखता से ध्यान दिया जायेगा जिससे किसी भी कांवडती को कोई परेशानी ना हो।पुलिस चप्पे-चप्पे पर रहेगी।किसी भी कीमत पर कांवड यात्रा को सुगम बनाया जायेगा।15 फरवरी तक पुलिस रात-दिन गस्त करेगी।इस अवसर पर भूपसिंह नेमपाल रमेश चंद्र नईम अहमद सोनू कुमार शानू खांन बिजेंद्र सिंह राजबहादुर चंद्रपाल नरेश सिंह बुद्धन प्रकाश नरेन्द्र सिंह अनील कुमार उदयवीर सिंह मानसिह सहित अनेक गांवों के प्रधान सहित क्षेत्र वासी उपस्थित रहे।

# ईओ द्वारा निरीक्षण के दौरान झूलों की मजबूती, संचालन व्यवस्था एवं सुरक्षा मानकों की बारीकी से की जांच



**वेलकम इंडिया**

शिकारपुर/बुलंदशहर/नगर शिकारपुर के श्री रामलीला मैदान में आयोजित बाल प्रदर्शनी (नुमाइश) में लगे झूलों का रविवार को अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद शिकारपुर सुश्री नीतू सिंह द्वारा निरीक्षण किया गया।निरीक्षण के दौरान झूलों की मजबूती, संचालन व्यवस्था एवं सुरक्षा मानकों की बारीकी से जांच की गई। अधिशासी अधिकारी द्वारा झूला संचालकों को निर्देशित किया गया कि सभी झूलों का संचालन निर्धारित नियमों एवं सुरक्षा मानकों के अनुरूप ही किया जाए तथा बच्चों एवं आम नागरिकों की सुरक्षा में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। निरीक्षण के दौरान कुछ झूलों में कमियां पाए जाने पर आवश्यक सुधार के निर्देश संबंधित संचालकों को दिए गए। अधिशासी अधिकारी ने बताया कि नुमाइश में आने वाले नागरिकों, विशेषकर बच्चों की सुरक्षा प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। किसी भी प्रकार के नियम उल्लंघन की स्थिति में संबंधित झूला संचालकों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। निरीक्षण के पश्चात नुमाइश परिसर में सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ करने के साथ-साथ विशेष सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए, जिससे आमजन स्वच्छ एवं सुरक्षित वातावरण में नुमाइश का आनंद ले सकें।

# बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर डिजिटल पुस्तकालय में एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया।



**वेलकम इंडिया**

बुलंदशहर खुर्जा विधानसभा क्षेत्र के गांव नगला शेखू में रविवार को बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर डिजिटल पुस्तकालय में एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें समाज की समस्याओं पर विस्तृत चर्चा की गई कार्यक्रम में महासंघ के राष्ट्रीय प्रधान महासचिव केपी चौधरी अंतर्राष्ट्रीय वाइस चेयरमैन ग्लोबल एलाइंस फोरकास्ट फ्री वर्ल्ड टोरंटो कनाडा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए कार्यक्रम का संचालन वेद प्रकाश गौतम उत्तर प्रदेश अनुसूचित जाति जनजाति शिक्षक कल्याण संघ के प्रांतीय उपाध्यक्ष ने किया कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम प्रधान विक्रांत चौधरी द्वारा की गई विचार गोष्ठी में सैकड़ो की संख्या में अंबेडकरवादियों ने भाग लिया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में अपने संबोधन में केपी चौधरी ने ग्राम वासियों को संदेश दिया कि वह अपने बच्चों को स्कूल अवश्य भेजें सभी लोग एक दूसरे के साथ प्रेम प्यार से रहे एक दूसरे को सहयोग करें आपस में किसी प्रकार का मन मुटाव ना रखें डॉ अंबेडकर के साहित्य को अपने घर में लाएं और उसका अध्ययन करें और उसे अपने जीवन में उतारे ग्राम प्रधान द्वारा अपने अध्यक्ष भाषण में धन्यवाद प्रस्ताव प्रस्तुत करते हुए कहा कि हम सब लोग बड़े प्रेम और प्यार से बिना किसी भेदभाव के एक दूसरे के साथ गांव में रहते हैं एक दूसरे को सहयोग करते हैं और हम सब बाबा साहब अंबेडकर के संविधान में अपनी आस्था रखते हैं। मुख्य अतिथि केपी चौधरी द्वारा डिजिटल पुस्तकालय को आर्थिक सहयोग देने की की घोषणा भी की गई कार्यक्रम में भाग लेने वाले लोगों में प्रमुख रूप से राजेंद्र सिंह भारतीय जीवन बीमा निगम गजराज सिंह देवेंद्र सिंह सुदेश कुमार विजय गौतम चंद्र सेन बौद्ध हरकेश सिंह प्रशांत कुमार डॉ अंबेडकर जन्मोत्सव समारोह समिति के अध्यक्ष अशोक कुमार आदि उपस्थित रहे।

## बुलंदशहर से हापुड़ के लिए वाया अगौता,बीबीनगर,बाबूगढ़ छावनी रोडवेज बस सेवा हुई शुरू

अगौता/बुलंदशहर से हापुड़ के लिए देहात क्षेत्रों के यात्रियों के लिए उत्तर प्रदेश परिवहन विभाग ने बडी सौगात देते हुए एक रोडवेज बस का संचालन शुरू कर दिया है जो कि बुलंदशहर धमैडा अड्डे से वाया अगौता,बीबीनगर,बाबूगढ़ छावनी होते हुए हापुड़ पहुंचेगी। इस बस का संचालन शुरू होने से प्रतिदिन सैकडों यात्रियों को सुविधा मिलेगी जो सार्वजनिक वाहन से इन रूटों पर यात्रा करते हैं। इस से सभी क्षेत्रवासियों युवाओं/सैनिकों और किसानों के दैनिक कार्य जैसे कचहरी जिला स्तर के अनेकों कार्य हेतु जाने वाले लोगों को बडा फायदा होगा। उत्तर प्रदेश परिवहन बस सेवा पहली बार बीबीनगर को जोड़ रही है बुलंदशहर जिला मुख्यालय से ग्रामीण क्षेत्र को सीधी बस सेवा जो ब्लॉक एवं नगर बीबीनगर और ब्लॉक अगौता क्षेत्र को जोड़ेगी। पहली बार बुलंदशहर मुख्यालय से बीबीनगर क्षेत्र ऐसे सार्वजनिक परिवहन बस सेवा से सीधे जुड़ेगा जिसमें पैसे और समय दोनों ही बचेंगे और क्षेत्रवासियों का इस मार्ग से हापुड़ और मेरठ एवं बुलंदशहर जाना आसान होगा। एआरएम बुलंदशहर द्वारा जानकारी के अनुसार दो हफ्ते पहले से इस बस का संचालन शुरू हो चुका है यह रोडवेज बस प्रतिदिन दो चक्कर बुलंदशहर से हापुड व हापुड से बुलंदशहर लगाएगी। जो सुबह 8 :20 पर धमैडा अड्डा बुलंदशहर से चलकर गढिया चौराहा,अगौता, सैदपुर, बीबीनगर,कुचेसर चौपला,बाबूगढ़ छावनी होते हुए हापुड़ डिपो लगभग 11 बजे पहुंचेगी और उधर से पुन: 12 बजे इसी क्रम में वापस होते हुए बुलंदशहर पहुंचेगी एक तरफ का रास्ता लगभग 3 घंटे मे तय होगा।
शासन व प्रशासन द्वारा इस बस का संचालन करने पर क्षेत्र के लोगों ने इसे सराहनीय कदम बताते हुए खुशी जाहिर की है।

# फिल्म के विरोध में किया प्रदर्शन और फूंका पुतला सौंपा ज्ञापन

**वेलकम इंडिया**

**खुर्जा**। जेवर अडडा चौराहे पर ब्राह्मण समाज द्वारा रविवार को फिल्म घूसखोर पंडत के विरोध में प्रदर्शन किया और पुतला फूंका गया। साथ ही क्राइम प्रभारी को एक ज्ञापन सौंपा गया।

युवा ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष संजीव शर्मा ने बताया कि फिल्म घूंसखोर पंडत से गौरवशाली ब्राह्मण समाज को अपमानित किया जा रहा है, जिसके विरोध में जेवर अडडा चौराहे पर प्रदर्शन किया गया, और निर्देशक व एक्टर का पुतला फूंका गया है। साथ ही क्राइम प्रभारी राजेश कुमार को एक ज्ञापन सौंपा गया।उन्होंने कहा कि यह केवल समाज ही नहीं बल्कि हमारी संस्कृति, संस्कार और सदियों की गरिमा पर सीधा प्रहार किया गया है। ब्राह्मण समाज की ओर से इस फिल्म का विरोध किया जाता है और फिल्म निमार्ता और निदेशक और अभिनेताओं पर दंडनीय कानूनी कार्रवाई की मांग की गई है। इस दौरान युवा मोर्चा जिला मंत्री रिषभ शर्मा, रमाकांत शर्मा, योगेश शर्मा, राजू त्यागी, अमित शर्मा, रिषभ पंडित, नमन पंडित, सुधांशु शर्मा, नवीन शर्मा, राजू भागीरथ, अवी शर्मा, रूद्रांश शर्मा, प्रभाष शर्मा, सचिन शर्मा, हिमांशु वशिष्ठ, गोल्डी शर्मा, राजीव शर्मा, खेमचंद शर्मा, वीरेश शर्मा मौजूद रहे।




# जेपी विद्या मंदिर चिट्टा में कक्षा 12 के छात्रों को भावपूर्ण विदाई




**वेलकम इंडिया**

**बुलंदशहर**। जेपी विद्या मंदिर चिट्टा में रविवार को कक्षा 12 के छात्र-छात्राओं के लिए भव्य विदाई समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्य ओम प्रकाश शर्मा ने माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। ग्यारहवीं के विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर माहौल भावुक बना दिया। समारोह में सानिया पँवार को मिस फेयरवेल तथा धैर्य राघव को मिस्टर फेयरवेल चुना गया। छात्रों को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में विद्यालय स्टाफ व प्रबंधन का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# कंकू पत्रिका लेखन महोत्सव के आगाज का ऐलान :- सौम्यगुणाश्री

**वेलकम इंडिया**



**बाड़मेर राज**। थार नगरी, बाड़मेर नगर की संयम रत्ना, मालू परिवार की कुलदीपिका मुमुक्षु कुमारी सन्तोष मालू की भगवती दीक्षा की कंकू पत्रिका का लेखन कार्यक्रम रविवार को जेवीसी केयुप भवन में प. पू. साध्वीश्री सौम्यगुणाश्रीजी मसा., दीप्तिप्रज्ञाश्रीजी मसा. एवं मयूरप्रियाश्रीजी मसा. आदि ठाणा की पावन निश्रा में हर्ष और उल्लास के साथ सम्पन्न हुआ। उल्लेखनीय है कि मुमुक्षु कुमारी सन्तोष मालू की भागवती दीक्षा आगामी 05 मार्च को जैसलमेर में ऐतिहासिक व विराट चादर महोत्सव में प. पू. खरतरगच्छाधिपति, आचार्य भगवन्त श्री जिनमणिप्रभ सूरीश्वरजी मसा. के करकमलों से होने जा रही है।

संयम अनुमोदना महोत्सव संयोजक मुकेश बोहरा अमन ने बताया कि मुमुक्षु कु. सन्तोष मालू की भागवती दीक्षा के उपलक्ष्य में उनके परिवार की ओर से 13 फरवरी से 15 फरवरी, 2026 के मध्य तीन दिवसीय भव्य संयम अनुमोदना महोत्सव एवं दीक्षा कार्यक्रम की कंकू पत्रिका का लेखन कार्यक्रम में रविवार को प्रातः में गुरू-भगवन्तों की पावन निश्रा एवं समाज के गण्मान्य नागरिकों की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। अमन ने बताया कि पत्रिका लेखन कार्यक्रम में शाः रतनलाल धनराज पूनमचन्दजी मालू परिवार की ओर से साध्वी भगवन्तों का अभिवन्दन एवं समाज के गणमान्य नागरिकों का अभिनन्दन किया गया। तत्पश्चात कार्यक्रम में नवकार महामंत्र एवं गुरूवन्दन के साथ पत्रिका लेखन प्रारम्भ हुआ। कार्यक्रम में संयम के भावों व संगीत की सुमधुर लहरियों पर श्रावक-श्राविकाओं ने झुमते हुए तीर्थंकर परमात्मा, गुरू-भगवन्तों, संमाज के विभिन्न संघों, जिन-मन्दिरों, संस्थाओं व संगठनों के नाम पत्रिकाओं का लेखन हुआ। प. पू. साध्वीश्री सौम्यगुणाश्रीजी मसा ने सर्वमंगल करते हुए कहा कि कंकु पत्रिका लेखन ही महोत्सव का आगाज बिन्दु है। यह पत्रिका लेखन कार्यक्रम महोत्सव के आगाज का ऐलान है। साध्वीश्री ने कहा कि जीवन में संयम भावों का उदय हमारे सौभाग्य की बात है। हम सब तीन दिवसीय संयम अनुमोदना महोत्सव में जुड़कर मुमुक्षु कु. सन्तोष मालू के संयम भावों की अनुमोदना करें और प्रेरणा लें। विहार ग्रुप अध्यक्ष मुकेश मालू ने बताया कि पत्रिका लेखन कार्यक्रम का संचालन मुकेश बोहरा अमन तथा बहुत ही सुन्दर संयम गीतों व भजनों की प्रस्तुति सुमधुर गायिका सोनू वडेरा ने दी। इस दौरान साध्वीजी भगवन्त सहित बड़ी संख्या में जैन समाज के गणमान्य नागरिक, मालू परिवार के सदस्य एवं श्रावक-श्राविकाएं उपस्थित रही। महोत्सव के सह-संयोजक मोहित लूणिया ने बताया कि मुमुक्षु कुमारी सन्तोष मालू के संयम पथ की अनुमोदना में थार नगरी, बाड़मेर में तीन दिवसीय विराट व भव्य महोत्सव 13 से 15 फरवरी मध्य गुरू-भगवन्तों की पावन निश्रा में आयोजित होगा। वहीं दीक्षा 05 मार्च को जैसलमेर में चारद महोत्सव में सम्पन्न होगी।

## सड़क के दोनों तरफ अतिक्रमण से जनता परेशान जिम्मेदार मौन

बुलंदशहर पुलिस की लापरवाही के कारण सड़क पर अतिक्रमण बढ़ने से वाहन चालक बेहद परेशान हैं सड़क दुर्घटना की आशंका बनी हुई है। आपको बता दें डिबाई कस्बा में कोतवाली से लेकर कुबेर इंटर कॉलेज तक सड़क के दोनों किनारों पर फल सब्जी के ठेले तथा ई–रिक्शा वालों ने अतिक्रमण कर रखा है जिसके कारण मार्ग पर चलने वाली उत्तर प्रदेश परिवहन निगम की बसें सहित पैदल चलने वाले राहगीर बेहद परेशान है जिसके कारण कई बार सड़क दुर्घटनाऐ हो चुकी है लेकिन अतिक्रमण वाले अपनी आदत से बाज नहीं आ रहे लेकिन कोतवाली पुलिस ने इस अभिक्रमण को नजर अंदाज कर रखा है जिसके कारण सड़क दुर्घटना की आशंका बनी हुई है।

# विश्व हिंदू रक्षा परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष गोपाल राय ने काशी मे किया दौरा

(संतोष कुमार सिंह)

**वाराणसी** :- विश्व हिंदू रक्षा परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष गोपाल राय का वाराणसी और मिजार्पुर मे दो दिवसीय प्रवास के दौरान जगह-जगह हुआ जोरदार स्वागत अभिनन्दने प्रवास के दौरान रोहनिया के केसरीपुर स्थित भानुदेव इन होटल में राष्ट्रीय अध्यक्ष गोपाल राय का ढ़ोल नगारो के साथ माला पहनाकर कार्यकत्ताओं के द्वारा जोरदार स्वागत किया गयो भानुदेव इन होटल की प्रबंधक कुसुम राय के होटल मे राष्ट्रीय अध्यक्ष गोपाल राय के आगमन प? कुसुम राय और उनके परिवार ने पारंपरिक रूप से स्वागत और अभिनंदन किया इस अवसर पर संगठन के कई वरिष्ठ पदाधिकारी और कार्यकर्तागण मौजूद रहे होटल परिसर में एक अनौपचारिक बैठक भी हुई जिसमें आगामी कार्यक्रमों पर चर्चा की गई प्रवास के दूसरे पड़ाव प? मिजार्पुर मे विश्व हिंदू रक्षा परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष गोपाल राय का आगमन हुआ वहां राष्ट्रीय अध्यक्ष का कार्यकर्ता और पदाधिकारियों ने ढ़ोल नागारो सँग माल्यार्पण कर किया स्वागत जिसके बाद दौरा को आगे जारी किया गया जिसमें मुख्य रुप से मिजार्पुर, कछवां और मझवां में किया गया दौरा और हिन्दू सनातन की रक्षा प? विशेष रुप से बैठक कर की गयी चर्चो मझवां मे पानी टंकी के पास ओम इंटर प्राइजेज के प्रबंधक विशाल सिंह के यहां आयोजित कार्यक्रम मे राष्ट्रीय अध्यक्ष गोपाल राय के द्वारा विशाल सिंह को मिजार्पुर जिलाध्यक्ष और शिवम सिंह जिला महासचिव मिजार्पुर के पद प? मनोनीत किया गयो राष्ट्रीय अध्यक्ष गोपाल राय ने दोनों पदाधिकारियों को संगठन मे जुड़ने प? दी बधाई और शुभकामनाएं संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष गोपाल राय ने बताया कि मंझवां गाँव में हुए कार्यक्रमों में जिस तरह से पदाधिकारियों का सम्मान हुआ और जनता का समर्थन मिला वह संगठन की बढ़ती शक्ति का प्रतीक है ।



# राष्ट्रीय भारोत्तोलन चैंपियनशिप के पांचवें दिन खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ)।** राष्ट्रीय भारोत्तोलन चैंपियनशिप के पाँचवें दिन महिला वर्ग की 63 किग्रा श्रेणी में खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। यूथ, जूनियर एवं सीनियर वर्ग में हुए मुकाबलों में खिलाड़ियों ने अपनी ताकत, तकनीक और आत्मविश्वास का बेहतरीन प्रदर्शन किया। इस अवसर पर सांसद बागपत निर्वाचन क्षेत्र ,संसद सदस्य लोकसभा राजकुमार सांगवान एवं ओलंपियन संदीप कुमार (डीएसपी) और विनोद वैशाली चेयरमैन मोदीनगर ने विजेता खिलाड़ियों को पदक पहनाकर सम्मानित किया तथा उनका उत्साहवर्धन किया। प्रतियोगिता का सफल संचालन द्रोणाचार्य अवॉर्डी विजय शर्मा के कुशल मार्गदर्शन एवं देखरेख में किया जा रहा है। प्रतियोगिता परिणाम झ महिला 63 किग्रा वर्ग यूथ महिला वर्ग (63 किग्रा) प्रथम स्थान झ करांगी थ्रांगनी (आंध्र प्रदेश) झ कुल भारः 182 किग्रा, द्वितीय स्थान झ लूना सोनोवाल (ररउइ) झ कुल भारः 177 किग्रा तृतीय स्थान झ साद्वी चौधरी (महाराष्ट्र) झ कुल भारः 172 किग्रा जूनियर महिला वर्ग (63 किग्रा) प्रथम स्थान झ बिदुस्मिता भोई (ओडिशा) झ कुल भारः 206 किग्रा, द्वितीय स्थान झ दृष्टि (हरियाणा) झ कुल भारः 199 किग्रा तृतीय स्थान झ भूमिका मोहिते (महाराष्ट्र) झ कुल भारः 194 किग्रा सीनियर महिला वर्ग (63 किग्रा) प्रथम स्थान झ निरुपमा देवी (फरढइ) झ कुल भारः 221 किग्रा, द्वितीय स्थान झ दिति मुनि सोनोवाल (असम) झ कुल भारः 207 किग्रा तृतीय स्थान झ बिदुस्मिता भोई (ओडिशा) झ कुल भारः 206 किग्रा इस प्रतियोगिता का मुख्य आकर्षण रहीं निरुपमा देवी (फरढइ), जिन्होंने अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से दर्शकों का विशेष ध्यान आकर्षित किया। रिकॉर्ड प्रदर्शनः इस प्रतियोगिता में सीनियर महिला 63 किग्रा वर्ग में निरूपम देवी ने क्लीन एंड जर्क में 127 किग्रा तथा कुल भार में भी रिकॉर्ड बनाकर अपने नाम दर्ज किया, जो इस प्रतियोगिता का मुख्य आकर्षण रहा। उनके इस ऐतिहासिक प्रदर्शन ने दर्शकों और खेल प्रेमियों को अत्यंत प्रभावित किया। उल्लेखनीय है कि ये खिलाड़ी द्रोणाचार्य अवॉर्डी श्री विजय शर्मा जी के मार्गदर्शन में वेटलिफ्टिंग वॉरियर अकादमीह्व में प्रशिक्षण प्प्राप्त कर रही है।

# ब्राइटलैंड अकादमी का हुआ भव्य शुभारंभ

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ)।** दिल्ली मेरठ मुख्य मार्ग पर गांव कादराबाद में ब्राइटलैंड अकादमी का भव्य शुभारंभ किया गया। इस मौके पर बच्चों द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम में जादूगर द्वारा अपनी कला के द्वारा बेहतर प्रदर्शन लोगों को भाव विभोर कर दिया। ब्राइटलैंड अकादमी के शुभारंभ के मौके पर पूर्व विधायक सुदेश शर्मा रालोद के जिला अध्यक्ष रामपाल चौधरी प्रसिद्ध नेत्र चिकित्सक राजेंद्र त्रिशाल आदि गणमान्य लोगों ने अकादमी के चेयरमैन अविनाश शर्मा,विजय कुमार शर्मा, प्रधानाचार्य एवं उनकी टीम को अपनी शुभकामनाऐ देते हुए कहा कि अकादमी के द्वारा बच्चों को गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा के साथ-साथ उनके संपूर्ण विकास, संस्कारों पर ध्यान दिया जाएगा। अकादमी के चेयरमैन अविनाश शर्मा ने क्षेत्र के लोगों को भरोसा दिया कि अकादमी द्वारा बच्चों को अच्छी शिक्षा के साथ-साथ उनके संपूर्ण विकास पर ध्यान दिया जाएगा। इस मौके पर समाजसेवी सुभाष सांगवान, सभासद संदीप सांगवान, विनय त्यागी, वरिष्ठ पत्रकार सुभाष शर्मा, वरिष्ठ अधिवक्ता सुधीर वशिष्ठ, दीपक शर्मा, संघर्ष शर्मा, सुनीता शर्मा, आदि गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# वरिष्ठ पत्रकार सच्चिदानंद पंत को दी भावभीनी श्रद्धांजलि



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ)।** वरिष्ठ पत्रकार सच्चिदानंद पंत महेंद्र की रस्म पगड़ी व श्रद्धांजलि सभा में क्षेत्र के गणमान्य लोगों एवं पत्रकारों ने अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। वरिष्ठ पत्रकार सच्चिदानंद पंत महेंद्र के निधन पर रविवार को हापुड़ रोड़ स्थित एक फार्म हाउस में रस्म पगड़ी व श्रद्धांजलि सभा में क्षेत्र के गणमान्य लोगों ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित । इस अवसर पर अपने विचार व्यक्त करने वाले लोगों ने कहा कि पत्रकारिता के क्षेत्र में वरिष्ठ पत्रकार सच्चिदानंद पंत ने अपने जीवन काल में निष्पक्ष और निर्भीक रूप से कार्य करते हुए पत्रकारिता की अलग पहचान बनाई। युवा पत्रकारों को उनके आदर्शों से सीख लेनी चाहिए। श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में पालिका अध्यक्ष विनोद वैशाली, पूर्व दर्जा प्राप्त राज्य मंत्री रामकिशोर अग्रवाल, डॉक्टर पवन सिंघल, एन पी बंसल, कथा व्यास देवकीनंदन शर्मा, डॉक्टर मुकेश गर्ग, और ब्राह्मण महासभा के अध्यक्ष बीडी शर्मा, महामंत्री शिव मोहन भारद्वाज, मूलचंद गर्ग, रूपचंद शर्मा, मनोज शर्मा, डीडी कौशिक, नवल गुप्ता, मयंक शर्मा, अमित गोयल, सभासद ललित त्यागी, रोहित वरिष्ठ पत्रकार सुभाष चंद्र शर्मा, राकेश शर्मा, अरुण शर्मा, अनिल वशिष्ठ, संजय तिवारी, ओम प्रकाश शर्मा,अनिल मित्तल, अनिल गौतम,योगेश गोड, सुरेंद्र गुप्ता, सुधीर वशिष्ठ, रिंकू गाजियाबाद आदि पत्रकार मौजूद रहे। शेखर पंत, नवनीत पंत सहित परिवार के लोगों ने इस मौके पर आए लोगों का आभार व्यक्त किया।

# ग्राम बंजारपुर (दौसा) में हिंदू सम्मेलन का आयोजन,700 से अधिक लोगों की सहभागिता

वेलकम इंडिया




**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ)।** वैदिक संस्कृति स्कूल ग्राम बंजारपुर (दौसा) में हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें 700 से अधिक हिंदू समाज के लोगों ने परिवार सहित सहभागिता की। कार्यक्रम में समाज के विभिन्न वर्गों के गणमान्य और विशिष्ट व्यक्तियों की सक्रिय उपस्थिति रही। कार्यक्रम की अध्यक्षता कृपाराम बाबू जी ने की। सम्मेलन के मुख्य वक्ता लोकेंद्र (राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ) रहे, जबकि विशिष्ट अतिथि आचार्य आरोग्य देव जी (पतंजलि मोदीनगर)ने अपने विचार रखे। कार्यक्रम का संचालन एवं व्यवस्थाओं की जिम्मेदारी सचिव आदेश दौसा ने निभाई तथा कोषाध्यक्ष प्रवीण दौसा जी ने आर्थिक व्यवस्थाओं का दायित्व संभाला। सम्मेलन का उद्देश्य हिंदू समाज में सामाजिक एकता, सांस्कृतिक चेतना एवं आपसी समरसता को सुदृढ़ करना रहा। वक्ताओं ने समाज से जुड़े विभिन्न विषयों पर विचार व्यक्त किए। आयोजकों के अनुसार इस प्रकार के आयोजन समाज को जोड़ने और सांस्कृतिक मूल्यों के संरक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इस मौके पर राजाराम प्रधान, जगत सिंह दोसा, सुकरामपाल आदि गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# महिला आयोग की अध्यक्ष के निर्णय का किया स्वागत




वेलकम इंडिया

**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ)।** श्री वैश्य कुटुम्ब सेवा समीति (पंजी)की प्रदेश चेयरमैन व लांयस क्लब मोदीनगर राईजिंग स्टार की चार्टर अध्यक्ष लायन डा. वर्षा गुप्ता ने महिला आयोग की अध्यक्ष डा.बबीता सिंह चौहान के द्वारा दिया गये ऐतिहासिक निर्णय की सराहना की है। डा. वर्षा गुप्ता ने कहा कि आदरणीय डा.बबीता सिंह चौहान ने बहुत ही स्पष्ट शब्दों मे कहा है कि पांचवी क्लास तक के बच्चों को नहीं मिलेगा मोबाइल पर होमवर्क। महिला आयोग की अध्यक्ष ने हर मां की पीड़ा को समझा है। आज हर अभिभावक बच्चो की मोबाइल लत से परेशान है वो बच्चों से फोन लेकर भी रखते है पर स्कूलों के द्वारा दिए गये प्रोजेक्ट व होमवर्क विवश कर देते है ।हम सभी को मिलकर महिला आयोग की अध्यक्ष के इस ऐतिहासिक निर्णय का स्वागत करना चाहिए व सहर्ष इस प्रस्ताव का सम्मान कर उसे अपने बच्चो के हित के लिए स्वीकार करना चाहिए।

# कौसानी पहुंच रहे देशी विदेशी पर्यटक



वेलकम इंडिया

**कौसानी**, पूरन दोसाद, राष्ट्र पिता महात्मा गांधी जी का प्रमुख विश्राम स्थल और मिनी स्विट्जरलैंड के नाम से विख्यात पर्यटन नगरी कौसानी में इन दिनों देशी विदेशी पर्यटकों की आवाजाही बढ़ने लगी है ।यहां अनाशक्ति आश्रम पहुंचकर पर्यटक हिमालय की सुरम्य वादियों का लुत्फ उठा रहे हैं ।साफ मौसम के बीच जिला पंचायत के गेस्ट हाउस से पर्यटक वहां लगे दूरबीन से हिमालय की वादियों का नजारा और स्वच्छ वातावरण और शांत वादियां देख परम आंनद की अनुभूति कर रहे हैं ।कौसानी पहुँचे आस्ट्रेलिया के पर्यटकों का दल यहां की प्राकृतिक छटा देख खुश है। ड्राइवर इंडिया प्राइवेट दूर द्वारा सर्विस द्वारा सभी पर्यटकों को कौसानी के विभिन्न स्थानों का भ्रमण कराया जा रहा है। पर्यटकों के गाइड पवन शर्मा ने बताया कि यहां पहुंचकर सभी पर्यटक शांति का अनुभव कर रहे हैं, पर्यटकों द्वारा इसे शहरों की भीड़भाड़ में शोर शराबे के बजाय यहां आत्मीय शांति की अनुभूति होने और शुद्ध प्राकृतिक वायु मिलने की बात कहते हुए आत्मीय रूप से परम शांति की अनुभूति होने और यहां हिमालय की सुरम्य वादियों के दर्शन होने की बात कही जा रही है ।वही पर्यटकों ने यहां होटल व्यवसायियों द्वारा दी जा रही सुविधाओं पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए पुनः आने की बात कही।

# पालिका अध्यक्ष ने इलेक्ट्रॉनिक बैरियर का शुभारंभ किया

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ)।** सीकरी कला, मोदीनगर स्थित ऋषभ विहार कॉलोनी के मुख्य द्वार पर इलेक्ट्रॉनिक बैरियर का नगर पालिका चेयरमैन विनोद वैशाली व वार्ड नंबर 19 के सभासद प्रवीण गुर्जर द्वारा फीता काटकर शुभारंभ( श्री गणेश ) किया गया।

इस अवसर पर प्रदीप त्यागी, प्रदीप त्यागी सोन्दे वाले चौधरी टेंमपाल सिंह, ए के मित्तल राजेंद्र अग्रवाल आदि अनेकों निवासी उपस्थित रहे ।रिषभ विहार निवासी सीनियर सिटीजन राजेंद्र अग्रवाल ने बताया कि मोदीनगर व आसपास की सभी प्राइवेट कॉलोनी में यह पहला बैरियर लगाया गया है और आज की तारीख में यह कॉलोनी क्षेत्र में नंबर एक कॉलोनी है। इस कॉलोनी के निवासियों द्वारा विनोद वैशाली से कॉलोनी में एक छोटे पार्क का सौन्दर्य करण, जिम, टोयलेट व पानी आदि की व्यवस्था नगर पालिका द्वारा कराए जाने की मांग की ।उसके लिए जमीन की व्यवस्था कमेटी व निवासियों द्वारा की गई ।इस विषय पर चेयरमैन ने कल इसकी नपाई करवा कर मार्च में काम शुरू करने का भरोसा दिया। जिसका सभी रिषभ विहार निवासियों ने खुशी जाहिर की।

# शुक्रताल तीर्थ पर पहुंचकर लिया भगवान का आशीर्वाद

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ)।** कस्बा निवाड़ी निवासी समाजसेवी एवं भाजपा किसान मोर्चा के जिला मंत्री संजय त्यागी ने शुक्रताल तीर्थ पर पहुंचकर भगवान की पूजा अर्चना की और आशीर्वाद प्राप्त कर प्रसाद ग्रहण किया। संजय त्यागी ने बताया कि प्राचीन शुक्रताल तीर्थ में विशाल वट वृक्ष के नीचे सुखदेव मुनि महाराज जी ने राजा परीक्षित को भागवत कथा सुनाई थी। विशाल वटवृक्ष का अपना अलग महत्व है। विशाल वटवृक्ष की परिक्रमा कर भगवान जी का आशीर्वाद प्राप्त कर भंडारे का प्रसाद लिया। उन्होंने कहा कि जो सच्चे मन से शुक्रताल तीर्थ पर जाकर भगवान की पूजा अर्चना करता है भगवान उसकी मनोकामनाएं पूर्ण करते हैं। 12 वर्ष के बाद आज मुझे यह सौभाग्य प्राप्त हुआ है। जो आशीर्वाद स्वरुप सुख की अनुभूति मुझे हुई वह कभी नहीं हुई। भगवान सभी पर कृपा करें।

# आजाद समाज पार्टी कांशीराम का कार्यकर्ता सम्मेलन

वेलकम इंडिया




बुलंदशहर में आजाद समाज पार्टी (का) सदर बुलंदशहर का विधानसभा स्थित कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन अंसारी बिल्डिंग दिल्ली रोड पर आयोजित किया गया जाकिर सैफी की अध्यक्षता में आयोजित सम्मेलन का संचालन कार्यक्रम के संयोजक और विधानसभा बुलंदशहर अध्यक्ष आरिफ सैफी ने किया जिन्होंने कार्यक्रम के उद्देश्यों से कार्यकर्ताओ को अवगत कराते हुए पार्टी को मजबूत बनाने पर जोर दिया वक्ताओं में इस अवसर पर पार्टी को मजबूत बनाने और राष्ट्रीय अध्यक्ष व सांसद चंद्रशेखर के संदेश को घर-घर पहुंचने का आह्वाहन किया इस मौके पर वीर सिंह गौतम पूर्व मंत्री एवं प्रदेश सचिव मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए कहा कि अपनी जान की बाजी लगाकर हमारे बुजुर्गों ने देश को आजाद कराया था कही ये फिर से गुलाम न बन जाएं देश के अंदर आज नफरत का माहौल है सांप्रदायिक दल हमें बांटने में लगे हैं इन हालातो में हमें एकजुट होकर हालात का मुकाबला करना है जिला अध्यक्ष प्रधान भूपेंद्र सिंह सिंह लोधी ने कहा है कि वे आजाद समाज पार्टी को मजबूत बनाकर देश हित में एक नया विकल्प पैदा करें प्रियंका गौतम मंडल सचिव भीम आर्मी ने सम्मेलन में अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि आज देश के हालात बहुत गंभीर हैं इसका मुकाबला दलित जो संपर्क और पिछड़ों की एकता ही हालत को मजबूत बेहतर बना सकती है विशिष्ट अतिथि सतवीर उर्फ डब्बू प्रधान जिला अध्यक्ष भीम आर्मी ने कही की आजाद समाज पार्टी को हर मजलूम के साथ खड़ी है और समाज में भाईचारा पैदा करने की भरपूर कोशिश कर रही है महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष विमलेश सागर ने कहा कि बाबा साहब के संविधान को बचाने और लोकतंत्र की रक्षा के लिए हमें एकजुट होना होगा और हमें एकजुट होकर आजाद समाज पार्टी को मजबूत करना होगा इस अवसर पर हारुन भाई हितेश यादव बहन शारदा इरशाद अहमद विजयपाल सिंह सुनील कुमार जहीर अहमद ने भी अपने विचार व्यक्त किये इस अवसर पर इंजीनियर लियाकत अली सरदार अंसारी रामकिशोर हां सब शहजादा तालीम नदीम विनोद कुमार शकूर अहमद तमाम लोग मौजूद रहे।






# राजनगर में आयोजित हिन्दू सम्मेलन में पहुंचे हजारों लोग

वेलकम इंडिया

**अरुण मिश्रा,गाजियाबाद।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 100वें वर्ष के उपलक्ष्य में देशभर में आयोजित हो रहे हिन्दू सम्मेलनों की श्रृंखला में राजनगर सेक्टर-3 स्थित पार्क में आयोजित हिन्दू सम्मेलन ऐतिहासिक बन गया। सकल हिन्दू समाज के आह्वान पर हुए इस सम्मेलन में हजारों की संख्या में लोगों ने पहुंचकर एकजुटता और जागरूकता का संदेश दिया। सम्मेलन के मुख्य वक्ता सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता अश्विनी उपाध्याय ने हिन्दू समाज के सामने खड़ी चुनौतियों पर तीखा और बेबाक संबोधन दिया। उन्होंने लव जिहाद, धर्मांतरण, लैंड जिहाद और भ्रष्टाचार को देश की सुरक्षा और सामाजिक ताने-बाने के लिए सबसे बड़ा खतरा बताते हुए इन पर कड़े और स्पष्ट कानून बनाने की मांग की।

अश्विनी उपाध्याय ने कहा कि आजादी के बाद कई देशों ने गुलामी की मानसिकता और प्रतीकों से खुद को पूरी तरह मुक्त कर लिया, जबकि भारत में अब भी गुलामी के इतिहास का महिमामंडन किया जाता है। उन्होंने कहा कि देश को आगे बढ़ाना है तो गुलामी के नाम, पहचान और चिन्हों से मुक्ति जरूरी है। गाजियाबाद की घटनाओं का उल्लेख करते हुए उन्होंने अभिभावकों से सतर्क रहने की अपील की और कहा कि संविधान में कई अपराधों की सजा तय है, लेकिन लव जिहाद और धर्मांतरण जैसे संगठित अपराधों पर स्पष्ट दंड का अभाव चिंता का विषय है। उन्होंने कहा कि मुगल और अंग्रेज केवल सत्ता के लिए नहीं, बल्कि धर्मांतरण की मंशा से आए थे—इस ऐतिहासिक सच्चाई को समझना होगा। उन्होंने जनप्रतिनिधियों से सवाल करते हुए जनता से आह्वान किया कि दल की गुलामी छोड़कर अपने सांसदों-विधायकों को जगाइए, ताकि हिन्दू समाज से जुड़े मुद्दों को संसद, राज्यसभा और विधानसभा में मजबूती से उठाया जा सके। मोबाइल और सोशल मीडिया पर करारा प्रहार करते हुए अश्विनी उपाध्याय ने कहा कि मोबाइल की लत कोरोना से भी ज्यादा खतरनाक बीमारी बन चुकी है, जो बच्चों से लेकर बड़ों तक को मानसिक और शारीरिक रूप से खोखला कर रही है। इसके लिए भी सख्त कानून और सामाजिक जागरूकता की जरूरत है, वरना देश विकास नहीं, विनाश की ओर बढ़ेगा। घुसपैठ के मुद्दे पर उन्होंने कहा कि अवैध घुसपैठियों को नागरिकता दिलाने वाले भ्रष्ट अधिकारियों और दलालों को घुसपैठियों से भी कठोर सजा मिलनी चाहिए। उन्होंने समाज को बुराइयों से मुक्ति के नारे भी लगवाए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री श्री 1008 महामंडलेश्वर स्वामी संतोषानंद महाराज ने हिन्दू समाज से आह्वान किया कि वे आपसी एकता को मजबूत करें और जहां तक संभव हो, हिन्दू समाज के लोगों से ही कार्य कराएं, भले ही थोड़ा अधिक मूल्य देना पड़े। उन्होंने मंदिरों में सामूहिक पूजा और सामाजिक समरसता पर जोर दिया। कार्यक्रम में नागरिक कर्तव्यों और जिम्मेदारियों पर आधारित आरएसएस की चित्र प्रदर्शनी आकर्षण का केंद्र रही, जिसमें लव जिहाद से बचाव को लेकर जागरूकता संदेश दिए गए।

स्कूली बच्चों की सांस्कृतिक प्रस्तुतियों, महिलाओं द्वारा प्रस्तुत वंदेमातरम् और सरस्वती विद्या मंदिर के बच्चों की ह्यऑपरेशन सिंदूरह्ल पर प्रस्तुति ने दर्शकों को भावविभोर कर दिया। इस अवसर पर सांसद अतुल गर्ग, पूर्व राज्यसभा सदस्य अनिल अग्रवाल, पूर्व मेयर आशु वर्मा सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, सामाजिक संगठन, आरडब्ल्यूए पदाधिकारी और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। हजारों की भीड़ ने यह स्पष्ट कर दिया कि हिन्दू समाज अब जागरूक, संगठित और मुखर हो चुका है।























